दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 315 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 10 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री भजन लाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## प्रवासी राजस्थानी दिवस

10 दिसम्बर, 2025
प्रातः 10 बजे से
जयपुर एक्जिबिशन एवं कन्वेन्शन
सेंटर (JECC), सीतापुरा, जयपुर

## मातृभूमि पर पधारे प्रवासी भाई-बहनों का स्वागत है

हमारे प्रवासी राजस्थानी भाई-बहनों ने अपनी कुशलता और कर्मठता से देश-विदेश में नाम कमाया और राजस्थान की धरती को गौरवान्वित किया।

प्रवासियों को राज्य की विकास यात्रा में भागीदार बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने हर वर्ष 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के आयोजन की पहल की।

प्रवासी राजस्थानी दिवस का पहला आयोजन आज 10 दिसम्बर 2025 को जयपुर में किया जा रहा है। प्रवासियों के साथ हमारे इस रिश्ते को मज़बूत करने में यह आयोजन एक अहम कड़ी है।

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे**
माननीय राज्यपाल, राजस्थान

**श्री पीयूष गोयल**
माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री
भारत सरकार

**श्री भूपेंद्र यादव**
माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री
भारत सरकार

**श्री भजन लाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री
राजस्थान

**श्री गुलाब चंद कटारिया**
माननीय राज्यपाल
पंजाब

### 8 विशेष सत्र


प्रवासी राजस्थानी


शिक्षा


स्वास्थ्य


उद्योग


पर्यटन


ऊर्जा


जल संसाधन


खनन

### प्रवासी राजस्थानियों के लिए राजस्थान सरकार की पहल

- प्रवासी राजस्थानियों हेतु नए विभाग का गठन
- राजस्थान फाउण्डेशन के 14 नए चैप्टर गठित, 12 पुराने चैप्टर्स को किया सक्रिय
- नई प्रवासी राजस्थानी नीति

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

आयोजक
Rajasthan Foundation
BIP RAJASTHAN
RIICO GROW WITH RAJASTHAN

इंडस्ट्री पार्टनर
CII Confederation of Indian Industry

राजस्थान संवाद

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
10 दिसम्बर, 2025

# जिला कलक्टर ने किया ठोस कचरा निस्तारण व सीएण्डडी प्लांट एवं ई-चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण

### लीगेसी वेस्ट के त्वरित निस्तारण हेतु प्लांट को पूर्ण क्षमता से संचालित कराने दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने अग्यारा स्थित ठोस कचरा निस्तारण प्लांट (एसडब्ल्यूएम), निर्माण एवं विध्वंस कचरा निस्तारण प्लांट (सीएण्डडी) एवं बहाला में निर्मित होने वाले पीएम ई-बस सेवा के चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कचरा निस्तारण प्लांट का निरीक्षण कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि लीगेसी वेस्ट का तेजी से निस्तारण हो सके, इसके लिए प्लांट का पूरी क्षमता के साथ संचालन करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां तैयार कम्पोस्ट खाद का उपयोग शहर के पार्कों में करने के साथ किसानों को भी यह खाद उपलब्ध करावे। उन्होंने यहां तैयार आरडीएफ को सीमेंट फैक्ट्री बोयलर्स आदि में उपयोग हेतु भी भिजवाने की आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कचरे के पृथकीकरण कार्य करने व कचरे से कम्पोस्ट बनने की प्रक्रिया का अवलोकन भी किया। उन्होंने निर्माण एवं विध्वंस कचरा निस्तारण प्लांट (सीएण्डडी) का निरीक्षण कर प्लांट के निर्माण कार्य में धीमी गति होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संवेदक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही प्लांट का निर्माण कार्य गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बहाला में बनने वाले पीएम ई-बस सेवा के लिए चार्जिंग स्टेशन के स्थल का अवलोकन करते हुए निर्देश दिये कि ई-बस सेवा के लिए आवश्यक चार्जिंग स्टेशन क्षमता व मापदण्डों के अनुरूप स्टेशन का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि ई-बस सेवा प्रारम्भ होने पर कुशलता से बसों का निर्बाध संचालन हो सके। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, अधिशासी अभियन्ता खेमराज मीणा, सहायक अभियन्ता दिनेश वर्मा व हेमन्त यादव, कनिष्ठ अभियन्ता कीर्ति विजय व मुस्तफा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों की उच्च स्तरीय जाँच कराने की मांग को लेकर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल अलवर ने सौपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल अलवर के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम अलवर मुकेश कायथवाल को ज्ञापन सौपा। जिला मंत्री विजेन्द्र खण्डेवाल ने बताया कि ज्ञापन में वक्फ़ बोर्ड में दर्ज सभी जमीनें जिन पर क़ब्रिस्तान, दरगाह, तकिया, मस्जिद, मज़ार, मदरसा आदि बने हुये है उन सम्पत्तियों पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा आपत्ति दर्ज कराते हुए इनकी उच्च स्तरीय जाँच कराकर उस भूमि का असल मालिक को उनका अधिकार मिले। इस सम्बन्ध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल से मिल कर ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन सौपने वालों में विहित के जिलाध्यक्ष डॉ रामदयाल मीणा, जिला मंत्री बिजेंद्र खंडेलवाल, ज़िला धर्म प्रसार प्रमुख प्रमोद इकदाया, नगर मंत्री प्रेम गुप्ता, ज़िला मीडिया अवधेश माथुर शहर अध्यक्ष धर्मपाल तवर, उपाध्यक्ष गुल्लू सोनी, नगर सह मंत्री अरविंद कुमावत, दीपक सहित विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करने पर ग्राम हिरनोरी से अवैध डिम्मा जब्त कर 80 हजार 790 रूपये का किया जुर्माना



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विद्युत विभाग द्वारा अवैध ट्रांसफार्मर (डिम्मा) का कृषि में उपयोग रोकने के उद्देश्य से सोमवार को विभिन्न गावों में कार्रवाई करते हुए एक अवैध डिम्मा जब्त कर कृषि उपभोक्ता द्वारा अवैध रूप से विद्युत उपयोग करने पर 80 हजार 790 रुपए का जुर्माना किया गया। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अकबर सिंह ने बताया कि विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा वसूली अभियान और विद्युत चोरी रोकने के जारी निर्देशों की पालना में सोमवार को रात्रि 7 बजे विद्युत चोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाकर ग्राम हिरनोरी से एक कृषि कनेक्शन पर एक अवैध उपकरण (डिग्मा) चलते हुए पकड़ा गया, जो कि सिंगल फेज सप्लाई को थ्री फेज में परिवर्तित कर थ्री फेस की मोटर चलाता हुआ पाया गया। संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध मौके पर ही वीसीआर भरकर कनेक्शन काटकर अवैध डिम्मा जप्त किया गया। साथ ही एफआईआर दर्ज कराकर निगम नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा विद्युत चोरी करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता नरेन्द्र सिंह मय स्टाफ एवं एफटीआर कर्मचारी मौजूद रहे।

## जेण्डर संवेदीकरण/माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर पैड यात्रा एवं कार्यशाला का होगा आयोजन आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार 'मिशन अलवर शक्ति अभियान' के तहत जेण्डर संवेदीकरण/माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर जागरूकता हेतु महिला अधिकारिता विभाग एवं स्वंयसेवी संगठन सच्ची सहेली नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिसम्बर को आर.आर कॉलेज-एसएमडी सर्किल-मोती डूंगरी-प्रताप ऑडिटोरियम तक पैड यात्रा का आयोजन होगा तथा प्रातः 9:30 बजे से प्रताप ऑडिटोरियम में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला एवं संवेदीकरण का आयोजन होगा।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे यथाशीघ्र

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स के लिए वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है अतः पेंशनर्स शीघ्रातिशीघ्र अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे । उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करने निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नंबर पर ओटी प्राप्त करके, ई-मित्र प्लस मशीनों के माध्यम से भी निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं। इनमें से किसी भी माध्यम से सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी/विकास अधिकारी) के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 2 लाख 46 हजार 972 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 97 हजार 783 पेंशनर्स का सत्यापन बकाया है। भौतिक सत्यापन के अभाव में दिसम्बर 2025 के बाद पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

## विद्यार्थियों ने की गौसेवा

**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(नि.सं.)।** द वी एस कॉन्सेप्ट कोचिंग के छात्र छात्राओं के द्वारा गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया। द वी एस कॉन्सेप्ट के निदेशक विकास सिंह चोबदार ने बताया कि गाय के प्रति हमारे कर्तव्य हैं और हमें गायों के संरक्षण के प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर आदित्य, अक्षत, दशरथ, कुलदीप, मानवी रिद्धिमा, संजय, शुभम, सोनाक्षी, सोफिया, नवीन आदि उपस्थित रहे।



## रामगढ़ में रथ यात्रा की तैयारी, विधायक सुखवंत सिंह ने बैठक कर सौंपी जिम्मेदारियाँ

जयपुर टाइम्स



**रामगढ़(निसं.)** राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर 15 दिसंबर से रामगढ़ विधानसभा की सभी ग्राम पंचायतों में निकलने वाली रथ यात्रा को लेकर विधायक सुखवंत सिंह ने जनसुनवाई केंद्र पर कार्यकर्ताओं की बैठक ली बैठक में यात्रा के प्रचार-प्रसार, रूट प्लान तथा दो वर्ष के विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने की रूपरेखा तय की गई। विधायक ने कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए रथ यात्रा को सफल बनाने के निर्देश दिए बैठक में गोविंदगढ़ प्रधान पति गोपाल चौधरी, जिला महामंत्री कमल भादवा, मंडल अध्यक्ष भगवान सैनी, शैलेंद्र चौधरी, योगेंद्र शर्मा, मगन फौजी, भीम चेतीवाल सहित पार्षद सरिता राज, राजेश राठी, गगनदीप, पूर्व प्रधान विजय जैन व रवि कपूर उपस्थित रहे।

## विधायक डॉ. जसवंत यादव ने जनसुनवाई कर विकास कार्यों की समीक्षा की

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर विकास कार्यों की समीक्षा की और स्थानीय लोगों से संवाद किया। डॉ. जसवंत सिंह यादव कूडी आश्रम पहुंचें और वहां चल रही जल सम्बन्धी समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। गांववासियों ने अन्य विकास कार्यों के संबंध में भी अपना पक्ष रखा। डॉ. जसवंत सिंह यादव ने सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का भरोसा दिया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बहरोड़ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। बैठक में केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और क्षेत्रीय विकास कार्यों की समीक्षा पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर अलवर उत्तर से भाजपा जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस बैठक में स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं को जागरूक करने और उनकी भागीदारी सुरक्षित करने की प्राथमिकता तय की गयी। इसके पश्चात डॉ. जसवंत सिंह यादव नारनौल रोड स्थित विधायक कार्यालय पहुंचे, जहां जनसुनवाई के कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों ने अपने सुझाव और समस्याएँ उनके सामने रखीं जिस पर उन्होंने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर बोलते हुए डॉ यादव ने कहा - ' मेरा लक्ष्य है बहरोड़ के जन जन की समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों का सफल क्रियान्वन ' इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता व जिला पदाधिकारी, उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने साइबर क्राइम व एपिलेप्सी अवेयरनेस कार्यक्रम कर किया विद्यार्थियों को जागरूक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने यशवंत स्कूल के विद्यार्थियों को साइबर क्राइम व एपिलेप्सी के बारे में जागरूक किया। साइबर क्राइम अवेयरनेस के बारे में डॉ अमित छाबड़ा व रोटेरियन नमित जैन ने बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके व जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने डिजिटल फ्रॉड व जिम्मेदार ऑनलाइन बैंकिंग के बारे में भी जागरूकता प्रदान की। एपिलेप्सी के बारे में जागरूकता डॉ. अमित खंडेलवाल ने प्रदान की, जिसमें उन्होंने बच्चों को मिर्गी के दौरे के लक्षण, प्राथमिक उपचार और आवश्यक सावधानियों के बारे में सरल तरीके से समझाया। रोटरी क्लब ऑफ अलवर की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम निरंतर रूप से स्कूलों में चलता रहेगा जिससे आने वाली पीढ़ी साइबर क्राइम के फ्रॉड व एपिलेप्सी जैसी गंभीर बीमारी से जागरूक रहे। कार्यक्रम में यशवंत स्कूल के प्रिंसिपल डॉ घनश्याम सैनी, रोटेरियन आशीष जैन, रोटेरियन सुमन यादव, यशवंत स्कूल का स्टाफ व विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## कुएँ पर कब्जे के विरोध में भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** भीम आर्मी जिला अध्यक्ष रामनिवास बरवाड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सीओ ग्रामीण शिवानी शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए माचाड़ी अकबरपुर में एससी समुदाय के कुएँ पर कथित कब्जे के आरोपों पर कार्रवाई की मांग की ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 4 दिसंबर को सरपंच व पटवारी की मिलीभगत से भू-माफियाओं ने कुएँ को तोड़फोड़ कर भर दिया। संगठन ने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर 15 दिसंबर को बड़ा आंदोलन किया जाएगा कार्यक्रम में समुंदर सिंह, मनीष आजाद, भगवान जाटव, बनवारी, विजय वर्मा, मानसिंह, बागीलाल, भागचंद सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को जूते व जुराब वितरित

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारोठिया में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 1 से 5 तक के सभी नामांकित विद्यार्थियों को जूते पर जुराब वितरित किए गए। स्टाफ सचिव पूसाराम स्वामी ने बताया कि विद्यालय के अध्यापक सतपाल सिंह मीणा द्वारा प्रेरित भामाशाह फ्यूचर इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स वैशाली नगर जयपुर के युवा व्यवसायी अजीत खीचड़ द्वारा कक्षा प्रथम से पांचवी तक के सभी विद्यार्थियों को जूते व जुराब वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टीम हारे का टीम के संयोजक श्यामसुंदर स्वर्णकार रहे। जबकि अध्यक्षता पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पप्पू राम मीणा ने की। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सदर थाना सब इंस्पेक्टर गीता रानी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य गोपाल लाल यादव ने प्रेरक शिक्षक सतपाल सिंह मीणा के कार्यों की सराहना की। मंच पर बतौर अति विशिष्ट अतिथि भामाशाह मगराज शर्मा, सेवानिवृत सूबेदार, किशनाराम जाखड़, पंच बंशीधर सेन, नोरतन जाखड़, आदर्श युवा ग्रुप के प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सोनी, एसएमसी अध्यक्ष चेनाराम नायक, सुखदेव बिरड़ा, महेंद्र, जगदीश गुर्जर, गोपालराम जाखड़ आदि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत व्याख्याता लिछमणराम गोदारा, रामलाल कंसोटिया, कमलेश मीणा, सतपालसिंह मीणा, राजकुमारी मीना, सुमित्रा गोदारा, मूलाराम, हरजीराम मेघवाल, करणीराम भाकर, दिलीप सिंह राठौड़, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेश कुमार आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम प्रदेश मंत्री व स्टाफ सचिव पूसाराम स्वामी ने किया। इसी प्रकार सारोठिया स्थित सीता देवी तोषनीवाल राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय भामाशाह किशनलाल, गोपीराम नायक निवासी कोडासर ने कक्षा 1से 5तक सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्था प्रधान श्याम सुंदर पारीक थे। जबकि मुख्य अतिथि प्रेमाराम नायक रहे। कार्यक्रम में अध्यापक नेमीचंद बावरी, प्रभुराम शेरडिया, प्रतिभा सिंह व राकेश नायक उपस्थित रहे। भामाशाहों का स्कूल की ओर से आभार जताया गया।

## व्यवसायिक वाहन चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर लगाएं, गुड सेमेरिटन को मिलेगा सम्मान : डीएम

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 13 दिसम्बर से शुरू होने वाले 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सड़क सुरक्षा नियमों की कड़ाई से पालना कराई जाए तथा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई जाए। साथ ही ऑटो के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि व्यवसायिक वाहन चालकों के लिए नेत्र स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि दृष्टि संबंधी कमी के कारण होने वाले सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। कलक्टर ने बताया कि सड़क हादसों में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल या ट्रॉमा केयर सेंटर पहुंचाने वाले किसी भी नागरिक को 'गुड सेमेरिटन' के रूप में 10 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 134ए एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत ऐसे नेक व्यक्तियों को अनावश्यक पुलिस कार्रवाई से संरक्षण दिया गया है। गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाने पर चिकित्सक संबंधित गुड सेमेरिटन का विवरण पुलिस को उपलब्ध कराएंगे तथा पुलिस निर्धारित प्रारूप की प्रति उसे सौंपेगी। डीएम ने पीडब्ल्यूडी एवं नगर परिषद को निर्देश दिए कि चौक-नालों की सफाई, टूटी रेलिंग की मरम्मत, दुर्घटना सम्भावित बिन्दुओं पर चेतावनी बोर्ड लगाने तथा सड़क पर वाहन धुलाई करने वालों के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने राहवीर योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान सड़क सुरक्षा योजना तथा सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए।

## प्रदेश कोषाध्यक्ष गुप्ता के चूरू पहुंचने पर किया भव्य स्वागत, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निसं.)** प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता के चौथी बार पुनः कोषाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने गृह क्षेत्र चूरू आगमन पर सोमवार शाम भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनां ने जगह-जगह स्वागत किया। पंकज गुप्ता का रतननगर तिराहे पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान रतननगर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर व पुष्पवर्षा कर गुप्ता का अभिनंदन किया। नयाबास स्थित शिवकला मंच पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में हुये कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया, जिला प्रमुख वंदना आर्य, ओम सारस्वत, बनवारी लाल शर्मा, टोपनदास नंदवाणी, प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, महेन्द्र न्यौल, दीपचन्द राहड़, रामधन टीटानिया, फतेहचन्द सोती, बीदासर चेयरमैन सीताराम भोभरिया, पूर्व सभापति विजय शर्मा, वार्ड पार्षद लिखमीचन्द प्रजापत आदि मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने साफा पहनाकर, अभिनंदन पत्र व 21 किलों की माला पहनाकर गुप्ता का भव्य अभिन्नदन किया। प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि मेरे घर में अपनो के द्वारा मुझे जो सम्मान दिया है, इसके लिए मैं आपका ऋणी रहूगां और पार्टी की सेवा का जो दायित्व मुझे सौंपा गया है, उसकों निभाने का प्रयास करूंगा। गुप्ता ने कहा कि चूरू मेरा परिवार है, यहां के लोगों के साथ मैंने अपनी राजनिती प्रारंभ की। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भाजपा एक बड़ा परिवार है और जब भी किसी परिवार के सदस्य को बड़ा दायित्व मिलता है तो हम सब कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि इस दायित्व से चूरू का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा दल है जहां प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान होता है, उसकी क्षमता के अनुरूप उसे दायित्व प्रदान किये जाते है। पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा ने कहा कि पंकज गुप्ता पार्टी के एक निष्ठावान कार्यकर्ता है, उन्होंने अपनी सुझबुझ से पार्टी को नई उंचाईयों तक पहुंचाने का काम किया है। इस दौरान जिला प्रमुख वन्दना आर्य ने कहा कि आपके नेतृत्व में चूरू जिला आज संगठन की दृष्टि से काफी मजबूती पर है। इससे पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने देपालसर स्थित तारागढ़ी गणेश मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद पंखा सर्किल पर केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से गुप्ता का अभिनंदन किया गया। गुप्ता ने स्वतंत्रता सैनानी चन्दनमल बहड़, ज्योतिबा फुले, वीरगति स्मारक, चौधरी कुंभाराम आर्य, स्वामी गोपालदास मूर्ति, शहिद डालूसिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा, मित्र परिषद, लघु उघोग भारती, नारायण सैना, भाईचारा ग्रुप, सर्वकुम्हार महासभा, विश्वकर्मा क्लब, सांसी समाज, पेंशनर समाज, गायत्री परिवार, खान महासभा, साहित्य परिषद् सैन समाज, गौड़ ब्राहाण महासभा, छः न्याति ब्राहमण महासभा, अणूवर्त, केमिस्ट एसोसिऐशन, योगी समाज, संत कबीर शिक्षा समिति, अम्बेडकर जयंती समिति के सदस्यों ने गुप्ता का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, भास्कर शर्मा, सत्तार खान, दीनदयाल सैनी, जितेन्द्र शर्मा, सुनील लाटा, हेमसिंह शेखावत, राजेन्द्र मोहता, सुरेश सारस्वत, धर्मेन्द्र राकसिया, दौलतराम प्रजापत, विजय कस्वां, सुप्यार सिंह, भारत पारीक, बालकिशन राजगढ़िया, नोरंग शिलू, मुरलीधर उंटवालिया, जगदीश रिबियेवाला, किशन आसेरी, सीपी शर्मा, मनीष दाधीच, योगेश गौड़, सांवरमल गहनोलिया, महेश बावलिया, जगदीश खेड़ीवाल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो से जुड़े कार्यकर्ता व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
10 दिसम्बर, 2025

## बसेड़ी क्षेत्र में घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर बसेड़ी(निस.)।** बौरेली गाँव के ग्रामीणों ने सैपऊ रोड लबुडापुरा से कुनकुटा-बौरेली होते हुए उत्तर प्रदेश बॉर्डर तक बन रही सड़क के घटिया निर्माण के खिलाफ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि डामर की सड़क पर महज आधा इंच ही परत डाली गई है, जो निर्माण के तुरंत बाद ही उखड़ने लगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा मानकों की अनदेखी कर सड़क निर्माण में गंभीर लापरवाही बरती गई है। निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण की कमी साफ दिखाई दे रही है, जिसके चलते सड़क जगह-जगह से खराब होने लगी है। शिकायत पर जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की बात गंभीरता से सुनते हुए उचित जांच एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क ग्रामीणों की आवाजाही के लिए सुरक्षित और टिकाऊ बन सके।

## राजाखेड़ा क्षेत्र केमछरिया महात्मा गांधी विद्यालय मेंक्लस्टर स्तरीय कार्यशाला आयोजित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर राजाखेड़ा(निस.)** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अभिशंषाओं के क्रम में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्य योजना 2025-26 में कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षकों के क्षमता संवर्धन एवं अकादमिक संबलन के लिए दो दिवसीय चतुर्थ क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मछरिया में किया गया। के आर पी उमेश चंद शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में पीईईओ परिक्षेत्र मछरिया,अनंदापुरा,चौहान पुरा एवं बसईकारे के अध्यापक अध्यापिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रथम दिवस हिन्दी, पर्यावरण तथा द्वितीय दिवस अंग्रेजी,गणित का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिवस प्रशिक्षण कार्यशाला के निरीक्षण के दौरान सीबीईओ चंद्रप्रकाश वशिष्ठ ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया तथा अध्यापक अध्यापिकाओं को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार गतिविधि एवं खेल आधारित शिक्षण विधियां अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर आरपी चरनसिंह, केआरपी दिनेश कुमार शर्मा,उमेश चंद शर्मा,धर्मेंद्र सिंह,अंकेश कुमार शर्मा,हरेन्द्र,मनीष,आर्यन,आयुषी शर्मा,पूनम त्यागी समेत अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।

## जयवीर पोसवाल ने भाजपा के नव-नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों से की शिष्टाचार भेंट, संगठन सुदृढ़ीकरण पर हुई सार्थक चर्चा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी धौलपुर के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयवीर पोसवाल ने भाजपा राजस्थान के नव-नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर जयवीर पोसवाल ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी तथा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी से संगठनात्मक दायित्वों, आगामी राजनीतिक चुनौतियों और पार्टी सुदृढ़ीकरण की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व में ऐसे अनुभवी, समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति से भारतीय जनता पार्टी राजस्थान संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त, संगठित तथा परिणामकारी बनेगी। नए पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रदेश भाजपा में नई ऊर्जा, नई गति और नए संकल्पों का संचार होगा, जिससे बूथ स्तर तक संगठन मजबूत होगा और आमजन के बीच पार्टी की पकड़ और सुदृढ़ होगी। जयवीर पोसवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश स्तर पर लिए गए इन निर्णयों से युवाओं, किसानों, वंचित वर्गों तथा ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल संभव हो सकेगी। अंत में उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को यह आश्वासन दिया कि युवा समाज तथा संगठन के कार्यकर्ता हर स्तर पर पूर्ण सहयोग, समर्पण और सक्रिय सहभागिता के साथ भाजपा नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे, ताकि प्रदेश में संगठन और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सके।

## जगदीश धाकड़ अभिभाषक परिषद् के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** अभिभाषक परिषद् बिजौलियां के चुनाव में जगदीश चंद्र धाकड़ अध्यक्ष और राजू लाल धाकड़ उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए।चुनाव अधिकारी नरेश सिंह तंवर और सह चुनाव अधिकारी संजय कुमार धाकड़ ने बताया शेष पदों पर कोषाध्यक्ष पंकज कुमार धाकड़ और दीपक कुमार मीणा, सह सचिव पद पर मनीष कुमार धाकड़, हितेश धाभाई और ललिता सुवालका में और पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर सुनील कुमार धाकड़ और ललित सुवालका में सीधा मुकाबला होगा।

# हम होंगे कामयाब... भजनलाल शर्मा की खान विभाग के अधिकारियों के साथ लंबी मंत्रणा

### प्रवासी राजस्थानियों को खनन क्षेत्र में निवेश के लिए प्रेरित करने हेतु आज दमदार तरीके से राजस्थान का रखेंगे पक्ष

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बार-बार यह कहते हैं कि प्रदेश में खनन क्षेत्र में विकास के अपार संभावना है राजस्थान के प्रत्येक जिले में अलग-अलग किस्म के खनन उपलब्ध हैं प्रदेश में 85 तरह के अलग-अलग खनन होने की बात कहकर मुख्यमंत्री शर्मा इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं बताते हैं इसी वजह से आज जयपुर में आयोजित हो रहे प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में खनन क्षेत्र को लेकर एक अलग से विशेष सत्र की व्यवस्था रखी गई है जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विभाग के बड़े अधिकारी प्रभावी और जोरदार तरीके से खनन क्षेत्र में राजस्थान का पक्ष रखकर प्रवासी राजस्थानियों को निवेश के लिए प्रेरित करेंगे इसी क्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने मंगलवार को खान विभाग के बड़े अधिकारियों के साथ काफी देर तक बातचीत की है इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में दिए जाने वाले लेक्चरर्स को लेकर भी बातचीत की अधिकारियों से कई विषयों को लेकर विचार विमर्श किया मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि यह एक बड़ा मौका है जब हम खनन क्षेत्र में निवेश के लिए प्रभावी तरीके से अपना पक्ष रखकर प्रवासी राजस्थानियों को राजी कर सकते हैं जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहले से ही जानते हैं कि खनन के क्षेत्र में किस-किस जिले में कौन-कौन से खनन के प्रचुर भंडार हैं जहां इन्वेस्ट करके इन्वेस्ट करने वाला उद्योगपति भी अच्छा मुनाफा कमा सकता है और राजस्थान सरकार को भी इससे बड़ा फायदा हो सकता है इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करके प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में खनन के क्षेत्र में दिए जाने वाले व्याख्यान के रूपरेखा तैयार करने के बारे में अधिकारियों से लंबी मंत्रणा की ताकि राजस्थान सरकार के प्रभावी तरीके से दिए गए व्याख्यान को सुनकर प्रवासी राजस्थानी खनन के क्षेत्र में ज्यादा दिलचस्पी ले सकें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि खनन के क्षेत्र में राजस्थान अन्य राज्यों की तुलना में अब तक काफी पीछे रहा है जबकि राजस्थान में अपार मात्रा में अलग-अलग किस्म के खनन के भंडार हैं इसके बावजूद भी राजस्थान का अन्य राज्यों की तुलना में पीछे रहना अब तक राजस्थान की सरकारों मामले में इच्छा शक्ति नहीं रखना रहा लेकिन अब भजनलाल शर्मा राजस्थान को खनन के क्षेत्र में हब बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं इसके लिए सरकार ने खनन क्षेत्र में कई नए निर्णय और कई बड़े फैसले भी लिए हैं और कई नई व्यवस्थाएं थी इस क्षेत्र में लागू की है ताकि इन्वेस्ट करने वाले व्यक्ति को यहां पर किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना करना नहीं पड़े राजस्थान में करीब करीब सभी जिलों में अलग-अलग किस्म के अलग-अलग खनन के प्रचुर भंडार हैं इसलिए प्रवासी राजस्थानी अपनी इच्छा के आधार पर किसी भी जिले में कोई से भी खनन के क्षेत्र में अपना कारोबार शुरू कर सकता है मुख्यमंत्री शर्मा खनन क्षेत्र को लेकर कितने गंभीर हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने एक बार फिर से मंगलवार को खान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करके खनन क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा इन्वेस्ट करने की संभावनाओं को तलाशने की कोशिश की और इस कार्य में ज्यादा से ज्यादा प्रवासी राजस्थानियों को जोड़ने का प्रयास कर रहे है।

## एसीबी ने महिला ग्राम विकास अधिकारी को रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को प्रदेश के पाली जिले में रिश्वत लेते हुए ग्राम विकास अधिकारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की ओर से यह कार्रवाई मुसालिया ग्राम पंचायत में की गई है गिरफ्तार अभियुक्त कांत शर्मा इस ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी पद पर नियुक्त है जिसने दस्तावेज में सुधार करने के बदले परिवादी से रिश्वत की डिमांड की थी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त कांत शर्मा की ओर से दस्तावेज में सुधार करने के बदले परिवादी से 1500 रुपए की रिश्वत मांगी गई जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवार की शिकायत का ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आरोपी ग्राम विकास अधिकारी कांत शर्मा को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक रणनीति तैयार की और इसी रणनीति के तहत मंगलवार को जैसे ही परिवार देने आरोपी ग्राम विकास अधिकारियों रिश्वत के 1500 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ महिला ग्राम विकास अधिकारी को मौके पर ही पकड़ लिया जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम गिरफ्तार ग्राम विकास अधिकारी की ओर से हाल ही में संपादित की गई विभिन्न तरह की शिकायतों और फाइलों की भी जांच पड़ताल कर रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के जो अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं उन्हें यह अंदेशा है कि कहीं ना कहीं गिरफ्तार ग्राम विकास अधिकारी बिना पैसा लिए दिए कोई कार्य नहीं करती थी इसलिए उनकी ओर से निपटाए गए सभी तरह की फाइलों की जांच पड़ताल भी कर रही है ।

## भजनलाल शर्मा अपने ससुर के बड़े भाई की पार्थिव देह पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, शोक सतप्त परिवार को सांत्वना दी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अपने ससुर के बड़े भाई किशन लाल शर्मा के निधन की खबर सुनकर मंगलवार को डीग के बबूला गांव पहुंचे और किशन लाल की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और शोक समतप्त परिवार को हिम्मत बधाई । इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी उपस्थित रहे स्थानीय विधायक शैलेश दिगंबर भी पूरी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा के साथ रहे मुख्यमंत्री शर्मा करीब 1 घंटे तक गमगीन परिवार के सदस्यों के साथ रहे बाद में किशन लाल शर्मा की शव यात्रा पूरे गांव में निकाली गई और फिर परिवार के श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 10:00 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ससुर के बड़े भाई किशन लाल शर्मा का बीमारी की वजह से निधन हो गया था जिसकी सूचना मिलने के बाद मंगलवार सुबह हेलीकॉप्टर से मुख्यमंत्री शर्मा डीग स्थित महाराजा सूरजमल ब्रिज यूनिवर्सिटी के हेलीपैड पर पहुंचे और फिर यहां से सड़क मार्ग से बबूला गांव पहुंचे जहां पर पहले से ही भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेता मौजूद थे इसके अलावा किशन लाल शर्मा काफी मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे इसलिए उनके आसपास के इलाके में बहुत अच्छी रेपुटेशन थी इसलिए उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ भी एकत्रित हो गई जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मंगलवार को बहुत ही अति व्यस्त कार्यक्रम था कल प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का भी जयपुर में आयोजन हो रहा है और इस समारोह में शामिल होने के लिए देश और विदेश के कई बड़े प्रवासी राजस्थानी यहां पहुंचने लगे हैं इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा के और भी कई तरह के सरकारी कार्यक्रम थे लेकिन मुख्यमंत्री शर्मा रिश्तो को भी बहुत अच्छी तरह से निभाते हैं इसीलिए उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम में समय निकालकर अपने ससुर के बड़े भाई के निधन पर उनके घर पहुंचे और गमगीन परिवार वालों को हिम्मत बधाई ।

## आतेला में वाटर शेड महोत्सव सम्पन्न, विधायक कुलदीप धनखड़ बोले- जल संरक्षण ही गांव की सबसे बड़ी पूंजी



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** ग्राम पंचायत में जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग की ओर से भव्य वाटर शेड महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुलदीप धनखड़ रहे, जिनके आगमन पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।महोत्सव की शुरुआत राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल आतेला के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई आकर्षक प्रभात फेरी से हुई। विद्यालय के बालक-बालिकाओं ने निबंध तथा रंगोली प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राजीविका समूह की महिलाओं ने अपने स्वनिर्मित उत्पादों की स्टॉल लगाई, जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा।मुख्य अतिथि विधायक कुलदीप धनखड़ ने अपने संबोधन में कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा का आधार है। उन्होंने ग्रामवासियों से वाटर शेड योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की और विभाग द्वारा कराए गए कार्यों को उत्कृष्ट बताते हुए उनकी खुलकर प्रशंसा की।विधायक धनखड़ ने चारागाह विकास कार्य का लोकार्पण करते हुए कहा कि गांव का विकास पेड़-पौधों और हरियाली से ही संभव है,साथ ही सभी ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रशासक जयराम नागर, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, वाटर शेड विभाग से अधीक्षण अभियंता हरिमोहन बैरवा, एसडीएम कपिल उपाध्याय, वाटरशेड एईएन प्रदीप यादव, तहसीलदार लालाराम यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का वातावरण रहा तथा जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया गया।

## ससुराल वालों को नशीला खाना खिलाकर दुल्हन लाखों के गहने लूट ले गई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के धौलपुर जिले के कोलारी थाना इलाके में दुल्हन ससुराल वालों को नशीला खाना खिलाकर घर से लाखों रुपए कीमत के गहने लूटकर फरार हो गई पुलिस ने पीड़ित के रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस रिपोर्ट के अनुसार कोलारी थाना इलाके के के गांव पिप हरि के रहने वाले युवक ने आगरा में एक महिला से कोर्ट में शादी की थी शादी के लिए महिला के परिजनों और जिसने शादी फिक्स करने में मदद की थी उन्हें 120000 रुपए भी दिए महिला झारखंड की बताई गई है और आगरा में कोर्ट में बाकायदा दोनों ने कोर्ट मैरिज भी की शादी करने के बाद दुल्हन को दूल्हा अपने घर लेकर आया सोमवार को रात के खाने में पूरी और आलू की सब्जी बनाई गई थी जिसके खाने के बाद ससुराल के सभी लोग गहरी नींद में सो गए सुबह काफी देर बाद जब ससुराल के लोग नींद से जगे तो दुल्हन और उसकी बहन घर पर नहीं मिली तथा घर पर रखे हुए गहने भी नहीं मिले इसके बाद घर वालों को यकीन हुआ कि कहीं ना कहीं उनके साथ धोखाधड़ी हुई है पीड़ित परिवार ने तुरंत पुलिस में मामला दर्ज करवाया इस मामले की जांच कर रहे पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि यह कोई शादी के नाम पर धोखाधड़ी करके लूटने वाला कोई बड़ा गिरोह है और फरार दुल्हन भी कहीं ना कहीं इस ग्रुप से जुड़ी हुई है पुलिस फिलहाल पीड़ित परिवार की ओर से दिए गए फोटो के आधार पर फरार दुल्हन को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है पुलिस को संदेह है कि हो सकता है इससे पहले भी फरार दुल्हन ने इसी तरह से दूसरी जगह वारदात को अंजाम दिया हो इसलिए कोलारी थाने की ओर से आसपास के राज्यों और प्रदेश के सभी पुलिस स्टेशन को वारदात की जानकारी देकर फरार दुल्हन के फोटो भी उपलब्ध करवाए हैं ताकि उसकी जल्दी से जल्दी गिरफ्तारी हो सके पुलिस आगरा कोर्ट में जाकर भी इस मामले से जुड़े सभी तरह के तथ्यों की जांच पड़ताल करेगी फिलहाल पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है एक तरफ उनका काफी पैसा खर्च हो गया तो दूसरी तरफ इस मामले से समाज में उनकी बदनामी भी हुई है ।

## मदन राठौड़ ने राज्यसभा में राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क का का महत्वपूर्ण मामला, जयंत चौधरी ने दिया जवाब

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने संसद के पटल पर शैक्षणिक और व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण से जुड़े राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क पर सरकार की प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण प्रश्न लगाया। राठौड़ के सवाल पर शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देश की शिक्षा प्रणाली को अधिक लचीला कौशल आधारित और भविष्य उन्मुख बनाने के लिए एनसीआरएफ को लागू किया जा रहा है। यह फ्रेमवर्क शिक्षा में अकादमिक क्रेडिट, कौशल प्रशिक्षण और अनुभवात्मक अधिगम को समान मान्यता देने का काम करेगा। उन्होंने बताया कि यह फ्रेमवर्क स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक छात्रों को अपनी शिक्षा में अधिक विकल्प चुनने का अधिकार देगा। इससे छात्र पढ़ाई के बीच कौशल प्रशिक्षण लेकर, फिर वापस मुख्य विषयों में आसानी से प्रवेश ले सकेंगे। इसे एक एकीकृत मेटा-फ्रेमवर्क कहा गया है। मोदी सरकार ने राज्यों और बोर्डों को एनसीआरएफ लागू करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया पहले ही जारी कर दी है। सीबीएसई और एआईसीटीई जैसे संस्थान अपने-अपने स्तर पर विशेष कार्यशालाएँ और दिशा-निर्देश जारी कर चुके हैं और इसे जमीनी स्तर पर लागू कराने के प्रयास जारी हैं। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि उच्च शिक्षा में प्रवेश-निकास को लचीला बनाने के लिए एआईसीटीई ने यह व्यवस्था भी शामिल की है कि कौशल आधारित 3-वर्षीय डिग्री वाले छात्र सीधे बी.टेक के दूसरे वर्ष में लेटरल एंट्री ले सकते हैं। यह भारत में कौशल शिक्षा को बढ़ावा देने वाली ऐतिहासिक पहल कही जा रही है। इसके साथ ही अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स को इस तरह विकसित किया गया है कि छात्र विभिन्न संस्थानों में अर्जित क्रेडिट को सुरक्षित रूप से जमा कर सकें और आवश्यकता के अनुसार स्थानांतरित कर सकें। प्रत्येक छात्र को डिजिटल पहचान एपीएएआर-आईडी जारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क को एनएचईक्यूएफ के साथ जोड़ा गया है, जिससे कौशल और उच्च शिक्षा क्षेत्र के बीच की दूरी खत्म हो रही है और छात्र स्तर 3 से 4.5 तक योग्यता हासिल कर आगे की पढ़ाई कर सकेंगे। इस पूरी प्रणाली को डिजिटल और साइबर सुरक्षित बनाने के लिए एनसीआरएफ को डिजीलॉकर और नेशनल अकादमिक डिपॉजिटरी से एकीकृत किया गया है। क्रेडिट डेटा को डिजिटल हस्ताक्षर क्यूआर आधारित सत्यापन और एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के साथ सुरक्षित किया जा रहा है। डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऑडिट लॉग, केवाईसी आधारित प्रमाणीकरण और साइबर सिक्योरिटी ऑडिट जैसी तकनीकों को लागू किया जा रहा है, जिससे किसी भी तरह के दुरुपयोग की संभावना समाप्त हो जाएगी। मोदी सरकार का यह प्रयास देश के करोड़ों युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशलयुक्त और वैश्विक स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## उपखंड कार्यालय विराटनगर का एडीएम ने किया निरीक्षण, विभागीय कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश



**विराटनगर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने मंगलवार को उपखंड कार्यालय विराटनगर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने एसडीएम विराटनगर कपिल कुमार से कार्यालय की कार्यप्रणाली, अनुभागवार व्यवस्थाओं तथा संधारित दस्तावेजों व रजिस्टरों की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने कई जरूरी दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।एडीएम सहारण ने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचना चाहिए। सभी विभागीय कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कर संबंधित पोर्टल पर नियमित अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा लंबित राजस्व कार्यों, कोर्ट प्रकरणों, कन्वर्जन, भूमि आवंटन आदि मामलों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।उन्होंने कार्यालय में पत्राचार को ई-फाइलिंग प्रणाली के माध्यम से पूर्ण रूप से अपनाने, सीएमओ, संपर्क पोर्टल व जनसुनवाई में दर्ज परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा आगंतुकों के साथ संवेदनशील एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी चुनावों को देखते हुए चुनाव आयोग के निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उपखंड क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए एडीएम ने कहा कि दूर-दराज से आने वाले लोगों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और उनके कार्यों का शीघ्र समाधान प्राथमिकता से किया जाए।इस अवसर पर तहसीलदार विराटनगर लालाराम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व मानव अधिकार दिवसः अब चुप्पी भी गुनाह है



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

*आज का भारत मानवाधिकारों को किताबों में नहीं, सड़कों पर, अस्पतालों में, कोर्ट के गलियारों में, और हर उस घर में महसूस कर रहा है जहाँ न्याय की उम्मीद धीरे-धीरे दम तोड़ रही है। जब एक दलित महिला को पंचायत के आदेश पर गाँव के बीच में अपमानित किया जाता है, जब एक आदिवासी बच्ची भूख से बिलखते-बिलखते मर जाती है क्योंकि उसे राशन कार्ड 'सूची में नहीं' बताया गया, जब एक युवा पत्रकार को महज़ सवाल पूछने पर देशद्रोही कहकर जेल में डाल दिया जाता है, तब मानवाधिकार केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि एक सच्ची चीख बन जाते हैं। हम कहते हैं कि भारत डिजिटल हो रहा है, पर क्या इंसानियत भी डिजिटल हो गई? जब इलाज न मिलने से अस्पताल के दरवाज़े पर एक बच्चा दम तोड़ देता है, जब ऑक्सीजन की कमी से कोविड वार्ड में लोग मर जाते हैं और जिम्मेदारी गायब हो जाती है, जब अग्निपथ योजना के नाम पर युवाओं का भविष्य*

आज फिर वही सवाल लौट आया है, बिना दस्तक दिए, सीधा गले पर हाथ रखकर - आप जिंदा है या सिर्फ़ साँस ले रहे है? 1948 में पेरिस ने 'सब इंसान बराबर और आज़ाद हैं' लिखकर मानवता के नाम एक वादा किया था। मगर 2025 का भारत एक चुभता हुआ सवाल पूछ रहा है–क्या हम वाकई उस वादे को निभा रहे हैं, या हमारी चुप्पी ही अन्याय की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है? यह दिन हमें झकझोरने आया है, क्योंकि अब सिर्फ़ अत्याचार ही अपराध नहीं; अत्याचार देखकर चुप रह जाना भी उतना ही बड़ा गुनाह है।

आज जब हम मानव अधिकार दिवस मनाते हैं, तो यह उत्सव नहीं–एक मुकदमा है, और कटघरे में हम खुद खड़े हैं। जब हाथरस की बेटी को रात के अँधेरे में मिट्टी में दबा दिया जाता है, जब मणिपुर में औरतों का सम्मान तार-तार होता है, जब कश्मीर में एक बच्चा शक के नाम पर मारा जाता है, और दिल्ली में एक लड़की को उसकी शक्ल की वजह से 'चिंकी' कहा जाता है–तब मानवाधिकार किसी दस्तावेज़ नहीं, बल्कि ज़ख्म बनकर सामने आते हैं। उस समय 30 अनुच्छेद किसी पुस्तक में नहीं, बल्कि इस देश की सड़कों, घरों और अदालतों में रोते हुए दिखाई देते हैं।

भारत में मानवाधिकार कोई सैद्धांतिक बहस नहीं, बल्कि हर दिन खून और आँसुओं से लिखा जाने वाला सच है। एक दलित दूल्हे की जान घोड़ी चढ़ने की कीमत बन जाती है। एक आदिवासी महिला को लकड़ी लाने पर जादू-टोना का आरोप झेलना पड़ता है। एक ट्रांसजेंडर मर जाता है, पर श्मशान में भी उसे जगह नहीं मिलती। और जब कानून बराबरी की बात करता है, तो समाज उसकी आवाज़ को जाति, धर्म और पहचान के पत्थरों से दबा देता है।

विडम्बना यह है कि यही देश दुनिया को अहिंसा और योग का संदेश देता है। यही देश भाषणों में 'विश्व गुरु' बनता है, पर अपने ही गाँव में पानी की एक हांडी से दलित को दूर रखता है। यही देश चंद्रयान को तारों तक भेज देता है, लेकिन एक मज़दूर को मेहनत के बाद 200 रुपये देने में कंजूसी करता है। लोकतंत्र का मंदिर कहलाने वाला देश कई बार उस मीडिया का बोझ ढोता है जो सत्ता की चौखट से बंधी घंटी की तरह बजता है।

आज का भारत मानवाधिकारों को किताबों में नहीं, सड़कों पर, अस्पतालों में, कोर्ट के गलियारों में, और हर उस घर में महसूस कर रहा है जहाँ न्याय की उम्मीद धीरे-धीरे दम तोड़ रही है। जब एक दलित महिला को पंचायत के आदेश पर गाँव के बीच में अपमानित किया जाता है, जब एक आदिवासी बच्ची भूख से बिलखते-बिलखते मर जाती है क्योंकि उसे राशन कार्ड 'सूची में नहीं' बताया गया, जब एक युवा पत्रकार को महज़ सवाल पूछने पर देशद्रोही कहकर जेल में डाल दिया जाता है, तब मानवाधिकार केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि एक सच्ची चीख बन जाते हैं।

हम कहते हैं कि भारत डिजिटल हो रहा है, पर क्या इंसानियत भी डिजिटल हो गई? जब इलाज न मिलने से अस्पताल के दरवाज़े पर एक बच्चा दम तोड़ देता है, जब ऑक्सीजन की कमी से कोविड वार्ड में लोग मर जाते हैं और जिम्मेदारी गायब हो जाती है, जब अग्निपथ योजना के नाम पर युवाओं का भविष्य अनिश्चित हो जाता है, जब बेरोज़गारी की दर इतिहास के सबसे ऊँचे स्तर पर हो और फिर भी युवा 'आलसी' कहे जाएँ– तो ये सब बेरोज़गार आँकड़े नहीं, टूटते सपनों की चिताएँ हैं।

ारत के पास चंद्रयान भेजने की ताकत है, पर सड़क पर रिक्शा खींचती 65-70 वर्षीया दादी के पास रोटी की ताकत नहीं। हमारे हाई-टेक शहरों में चमक है, पर किसान की आत्महत्या में उसके शरीर से ज्यादा कर्ज़ के काग़ज़ मिलते हैं। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, लेकिन एक आदिवासी युवक पुलिस हिरासत में मारा जाता है और उसके परिवार को एफआईआर की कॉपी तक नहीं मिलती। संविधान कहता है 'बराबरी का अधिकार ', पर वास्तविकता पूछती है–बराबरी किसके लिए? सिर्फ़ नाम के लिए? या सिर्फ़ भाषणों के लिए?

शिक्षा अधिकार है, लेकिन सरकारी स्कूलों में बच्चे आज भी टाट पर बैठकर पढ़ते हैं, जबकि अधिकारी एसी कमरों में मीटिंगें करते हैं। स्वास्थ्य भी अधिकार है, पर एक प्रसूता अस्पताल पहुँचने से पहले ही ऑटोरिक्शा में बच्चा जन्म देने को मजबूर होती है। अभिव्यक्ति का भी अधिकार है, पर सोशल मीडिया पर आलोचना करने पर घर गिरा दिए जाते हैं। पर्यावरण का भी अधिकार है, पर खनन की आड़ में आदिवासी गाँव उजाड़े जाते हैं। और महिलाएँ? वे आज भी 'सुरक्षित घर पहुँच गई क्या?' के मेसेज पर निर्भर देश की नागरिक हैं–जहाँ हर 15 मिनट में एक बलात्कार दर्ज होता है।

मानव अधिकार दिवस उस सोच के खिलाफ युद्ध है जो कहती है– 'अगर मेरे घर में सब ठीक है, तो दुनिया ठीक है।' नहीं, मानवता एक परिवार है; एक ज़ख्म सबका दर्द होना चाहिए। अगर दिल्ली में कोई लड़की छेड़ी जाती है, मुंबई में एसिड अटैक होता है, राजस्थान में मूँछ रखने पर दलित की हत्या होती है, या उड़ीसा में एक बुजुर्ग अपनी पत्नी का शव कंधे पर लेकर चलता है–तो ये सिर्फ़ खबरें नहीं, हमारी सभ्यता की परीक्षा हैं।

अब लड़ाई कानून की नहीं, हमारी आत्मा की है–हमारे भीतर के डर और चुप्पी के खिलाफ। शुरुआत घर से कीजियेः बेटी को बेटे जितनी आज़ादी दीजिये। झुग्गी के बच्चों को पुरानी किताबें दे दीजिये। ऑफिस में किसी की पहचान का मज़ाक बनने से रोक दीजिये। अपनी भाषा की गालियों से स्त्री-विरोधी शब्द हटाइए। नफरत फैलाने वाले ग्रुप छोड़ दीजिये। किसी भी धर्म या जाति का मज़ाक उड़ाना बंद कीजिये, क्योंकि मज़ाक से शुरू हुई नफरत कई बार हत्या पर खत्म होती है।

मानव अधिकार दिवस की असली पुकार है–अब चुप्पी भी गुनाह है। जब आपने बलात्कार की खबर स्क्रॉल कर दी, आप भी दोषी थे। जब आपने धर्म पर ताना मारा, आप भी दोषी थे। जब आपने व्हाट्सएप पर नफरत भेजी, आप भी दोषी थे। जब आप भीड़ हत्या पर 'होता रहता है' कहकर आगे बढ़ गए, आप भी दोषी थे।

मानवाधिकार दिवस किसी सेमिनार का मौका नहीं। यह युद्ध है–उस मानसिकता के खिलाफ जो औरत को संपत्ति, दलित को नीचा, मुस्लिम को संदिग्ध, आदिवासी को पिछड़ा और ट्रांसजेंडर को अदृश्य समझती है। यह युद्ध उस चुप्पी के खिलाफ है जो अपराधियों को ढाल देती है। पर हर युद्ध हथियारों से नहीं जीता जाता–कभी-कभी एक इंसान का साहस दुनिया बदल देता है।

अगर आप सच में इंसान हो, तो शुरुआत यहीं से कीजियेः अपने मोहल्ले के मंदिर में किसी दलित को रोका जाए तो आवाज़ उठाइए। अपनी बेटी को चुप कराने के बजाय उसकी बात सुनिए, क्योंकि उसकी आवाज़ उसका अस्तित्व है। नफरत और हिंसा वाले ग्रुप छोड़ दीजिये; किसी भी अपमान को 'मनोरंजन' कहना बंद कीजिये।

भारत तभी महान बनेगा जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी बिना डर के, सम्मान से जिए। विश्व मानव अधिकार दिवस याद दिलाता है कि 1948 का कागज़ भविष्य नहीं लिखेगा, हम लिखेंगे। भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा जितनी हमारी संवेदना। भारत तभी महान होगा जब आख़िरी औरत सुरक्षित होगी, आख़िरी दलित सम्मानित होगा, आख़िरी आदिवासी सुना जाएगा और आख़िरी अल्पसंख्यक का डर खत्म होगा।

1948 की वह घोषणा आज भी इसलिए जीवित है क्योंकि हर पीड़ा, अन्याय और विद्रोह उसे सच्चा साबित करता है। अब हमारी बारी है कि इस कागज़ को और खून न देना पड़े। 10 दिसंबर कोई उत्सव नहीं, यह वह दिन है जब इंसानियत पूछती है– 'तुमने मुझे बचाया या चुप रहे?' जवाब और हथियार दोनों हमारे हाथ में हैं–संवेदना, साहस और सच बोलने की हिम्मत। और वक़्त? बहुत कम बचा है। जय इंसानियत। जय वह भारत जो नफरत से नहीं, बराबरी से बनता है।

## सम्पादकीय

# आग से सुरक्षा के लिए इंतजामों में लापरवाही कब रुकेगी?



संपादकीय: लापरवाही की आग

किसी भी हादसे का मुख्य सबक यह होना चाहिए कि उस तरह की घटना से बचने के लिए हर उपाय किए जाएं, ताकि वैसा दोबारा न हो। मगर आए दिन लगभग समान दिखने वाले हादसों की खबरें आती रहती हैं, उसमें नाहक लोगों की जान जाती है और कई बार एक ही प्रकृति की लापरवाही आम पाई जाती है। गोवा के एक नाइट क्लब में शनिवार रात जिस तरह आग लगी और उसमें कम से कम पच्चीस लोगों की जान चली गई, उससे फिर यही पता चलता है कि सुरक्षा और व्यवस्था संबंधी जरूरी पक्ष को लेकर लापरवाही के नतीजे क्या हो सकते हैं। आग लगने के वास्तविक कारण जांच के बाद ही सामने आएंगे, मगर किसी भी जगह ऐसे हादसे में जानमाल की क्षति का मुख्य कारण बचाव के पर्याप्त इंतजाम न होने से आग का तेजी से फैलना होता है। खबरों के मुताबिक, गोवा के उस क्लब में भी आपात स्थिति में बाहर निकलने का रास्ता बेहद संकरा था, जिसमें कई लोग फंस गए। विडंबना यह है कि नाइट क्लब या ज्यादा लोगों के जमावड़े वाली जगहों पर चकाचौंध पैदा करने के लिए भारी खर्च किए जाते हैं, लेकिन आपात स्थिति में बचाव को लेकर अमूमन सभी जरूरी पहलुओं को लेकर घोर लापरवाही बरती जाती है। किसी भी हादसे की स्थिति में सबसे बुनियादी और प्राथमिक जरूरत बचाव का उपाय होती है। मगर जानमाल के व्यापक नुकसान की लगभग सभी घटनाओं में कारण के तौर पर एक विचित्र तरह की समानता पाई जाती है कि वहां अग्नि शमन की व्यवस्था या तो नहीं थी या फिर वह काम नहीं कर रही थी। निश्चित तौर पर यह संबंधित भवन के मालिक और प्रबंधन की लापरवाही होती है, लेकिन अक्सर लोगों के जमा होने की जगहों पर आग लगने की स्थिति में बचाव इंतजामों की जांच करने के मामले में सरकार या संबंधित महकमों की जिम्मेदारी क्या होती है? गोवा को एक अहम पर्यटक स्थल और अपेक्षया एक सुरक्षित जगह के रूप में देखा जाता रहा है। मगर नाइट क्लब में आग लगने से जिस तरह पच्चीस लोगों की जान चली गई, उसके बाद वहां के जोखिम को लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं। इस हादसे के बाद गोवा के बाकी क्लबों में भी अग्नि शमन, सुरक्षा और बचाव के उपायों की स्थिति की जांच की मांग की जा रही है। सवाल है कि आग लगने की स्थिति में बचाव या सुरक्षा का इंतजाम एक अनिवार्य व्यवस्था क्यों नहीं होनी चाहिए, जिसमें मामूली लापरवाही की भी गुंजाइश न हो! अव्वल तो समूचा ढांचा ऐसा तैयार होना चाहिए, जिसमें कोई सामान्य तकनीकी गड़बड़ी बड़े हादसे में तब्दील न हो। दूसरे, किसी भी वजह से आग लगने की आशंका के मद्देनजर हर स्तर पर बचाव के ऐसे पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि उस पर तुरंत काबू पाया जा सके। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी इमारतों तक अग्नि शमन सेवा के वाहनों की आसान पहुंच हो। कई बार आग व्यापक तबाही का कारण इसलिए बनती है कि उस पर काबू पाने के उपाय अपर्याप्त होते हैं, लोगों के बाहर भागने और अग्नि शमन वाहनों के घटनास्थल पहुंचने का रास्ता संकरा या बाधित होता है। हादसे और उसमें लोगों की मौत के बाद सरकार तथा प्रशासन की ओर से कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई और हताहतों या उनके परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा की औपचारिकता जरूर पूरी की जाती है, लेकिन नियम-कायदों पर अमल को लेकर अगर प्रशासनिक सक्रियता सामान्य दिनों में भी कायम रहे तो शायद कई त्रासदियों से बचा जा सकता है।

# भारत रूस सामरिक समझौते का वैश्विक प्रभाव



संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, वरिष्ठ पत्रकार,रायपुर छत्तीसगढ़,

यूरोपीय देशों की चिंता का कारण। वैश्विक सामरिक परिदृश्य के निरंतर बदलते समीकरणों और विश्व राजनीति में शक्ति-संतुलन की तीव्र प्रतिस्पर्धा के बीच भारत-रूस सुरक्षा सहयोग आज एक ऐसी निर्णायक अवस्था में पहुँच गया है, जिसने न केवल दोनों देशों के संबंधों को नए आयाम दिए हैं, बल्कि विश्व व्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव डालने की क्षमता प्रदर्शित की है। जब दुनिया दो बड़े ध्रुवों अमेरिका-यूरोप-नाटो समूह और चीन-रूस शक्ति-धुरी के बीच विभाजित होती दिखाई दे रही है, तब भारत की स्वतंत्र रणनीतिक नीति और रूस के साथ उसकी निरंतर मजबूत हो रही साझेदारी वैश्विक स्तर पर चिंता, उत्सुकता और नए सामरिक विश्लेषण का विषय बन गई है। भारत-रूस रक्षा-सहयोग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि दशकों पुरानी है, जिसमें सोवियत संघ के काल से लेकर आज तक रूस भारत का भरोसेमंद सैन्य सहयोगी रहा है। 2000 में दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की और 2010 में इसे विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिला। इस संबंध के अंतर्गत रक्षा क्षेत्र को सदैव अत्यधिक प्राथमिकता प्राप्त रही भारत की वायुसेना, नौसेना और थलसेना के कई अहम प्लेटफॉर्म रूस के सहयोग से खड़े हुए, जिनमें टी-90 टैंक, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, कामोव हेलीकॉप्टर, रक्षा-इंजन और ब्रह्मोस मिसाइल जैसी परियोजनाएँ प्रमुख उदाहरण हैं। समय के साथ-साथ दोनों देशों ने यह महसूस किया कि केवल हथियारों की खरीद-फरोख्त भविष्य की सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त नहीं होगी, इसलिए 2021 से 2031 तक का सैन्य-तकनीकी सहयोग कार्यक्रम लागू किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में सह-अनुसंधान, सह-विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता और वैश्विक निर्यात क्षमता का विकास करना था। इसी कड़ी में भारत-रूस के बीच नया सुरक्षा-समझौता ₹श्वस्रूस् रिसिप्रोकल एक्सचेंज का लॉजिस्टिक्स सपोर्ट सामने आया, जिसने दोनों देशों की सैन्य पहुंच, नौसैनिक संचालन क्षमता और रणनीतिक लॉजिस्टिक दक्षता को एक नए स्तर पर स्थापित किया। ₹श्वस्रूस् के तहत दोनों देशों की सेनाएँ एक-दूसरे के सैन्य अड्डों, हवाई अड्डों, समुद्री बंदरगाहों, मरम्मत सुविधाओं, ईंधन-आपूर्ति, स्पेयर-पार्ट्स और अन्य लॉजिस्टिक संरचनाओं का उपयोग कर सकती हैं। इसका सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि भारत के लिए अब अपनी सैन्य ताकत को हिंद महासागर क्षेत्र तक सीमित रखने की आवश्यकता नहीं रही, बल्कि वह आर्कटिक क्षेत्र, बाल्टिक समुद्र, सुदूर-पूर्व रूस तथा मध्य-एशिया के सामरिक गलियारों में भी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा सकेगा। वहीं रूस के लिए भारतीय नौसैनिक अड्डे, हिंद महासागर और अरब सागर के क्षेत्र में सामरिक पहुंच प्रदान करेंगे, जिससे एशिया-प्रशांत की शक्ति संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन संभव है। यही कारण है कि यह समझौता अमेरिका, नाटो और चीन के रणनीतिक विश्लेषकों के लिए चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि यह वैश्विक शक्ति समीकरणों में एक तीसरे और स्वतंत्र ध्रुव के गठन की संभावना को सुदृढ़ करता है। भारत का यह संदेश स्पष्ट है कि वह किसी एक ध्रुव का हिस्सा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार स्वतंत्र निर्णय लेने और बहुध्रुवीय विश्व-व्यवस्था को स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चीन के संदर्भ में देखा जाए तो भारत-रूस सहयोग समुद्री सुरक्षा, आर्कटिक मार्ग और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संतुलन स्थापित कर सकता है। यदि भारत रूसी आइस-ब्रेकर जहाजों, आर्कटिक अनुसंधान केंद्रों और उत्तरी समुद्री मार्ग का उपयोग करता है, तो यह चीन की बेल्ट-एंड-रोड और समुद्री विस्तार योजनाओं के लिए चुनौती बन सकता है। संयुक्त रूप से निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली दोनों देशों की रणनीतिक नवाचार क्षमता का जीवंत उदाहरण है और भविष्य में ब्रह्मोस-द्धद्व, लड़ाकू विमान इंजन कार्यक्रम,-सबमरीन टेक्नोलॉजी और स्पेस-डिफेंस प्लेटफॉर्म जैसी परियोजनाएँ वैश्विक हथियार बाज़ार में भारत-रूस को एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित कर सकती हैद्य त्रि-सेवा सैन्य अभ्यासों की बढ़ती श्रृंखला यह संकेत देती है कि दोनों देशों का सहयोग केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि प्रशिक्षण, रणनीति और संयुक्त सैन्य क्रियान्वयन के स्तर पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। यद्यपि भविष्य की राह पूरी तरह सरल नहीं रूस की युद्ध-स्थिति के कारण रक्षा-आपूर्ति में देरी की चुनौती, भारत का पश्चिमी देशों के साथ रक्षा-सहयोग बढ़ाना और संसाधनों का विविधीकरण भारत-रूस संबंधों की व्यावहारिक परीक्षा लेंगे फिर भी ₹श्वस्रूस् जैसे समझौते यह सिद्ध करते हैं कि दोनों देशों के संबंध केवल परिस्थितिजन्य या तात्कालिक नहीं, बल्कि भरोसे, समान हितों और लंबी रणनीतिक दृष्टि पर आधारित हैं। यह समझौता इस तथ्य का प्रमाण है कि भारत अब वैश्विक मंच पर केवल दर्शक की भूमिका में नहीं, बल्कि रणनीतिक निर्णयों के निर्माता और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माता के रूप में उभर चुका है। इसलिए भारत-रूस सुरक्षा-समझौता केवल दो देशों की द्विपक्षीय मित्रता का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि ग्लोबल स्ट्रैटेजिक आर्किटेक्चर के पुनर्निर्माण की दिशा में उठाया गया इतिहास-निर्माणकारी कदम है। यह समझौता निस्संदेह आने वाले वर्षों में वैश्विक शक्ति-संतुलन, सैन्य गठबंधनों, समुद्री-रणनीति, हथियार-प्रौद्योगिकी और भू-राजनीतिक नेतृत्व को नए स्वरूप में ढालने की क्षमता रखता है और संभव है कि भविष्य में इतिहासकार इसे 21वीं सदी की भू-रणनीति का महत्वपूर्ण टर्निंग पॉइंट बनेगा

# अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकते गांव



भारत ने 2024-25 में 35.77 करोड़ टन अनाज पैदा करके एक ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया है। पिछले दस सालों में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 10 करोड़ टन बढ़ा है। यह खेती में आत्मनिर्भरता और गांवों के विकास की तरफ देश की लगातार बढ़ती रफ्तार को दिखाता है। इस समय जहां वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगभग तीन प्रतिशत है और जी-7 देशों की अर्थव्यवस्थाएं औसतन करीब 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, वहीं भारत में 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही है। इन दिनों भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों के अनुसार गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। ग्रामीण गरीबी में कमी, छोटे किसानों की साहूकारी कर्ज पर निर्भरता में कमी, ग्रामीण खपत में वृद्धि, किसानों का जीवन स्तर बढ़ने जैसी विभिन्न अनुकूलताओं से ग्रामीण भारत मजबूती की राह पर आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समीक्षा की हालिया बैठक में कहा भी कि भारत में महंगाई घटने में कृषि उत्पादन और ग्रामीण विकास का महत्वपूर्ण योगदान है और आगे भी महंगाई नियंत्रण में खाद्यान्न उत्पादन की अहम भूमिका रहेगी। विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण सुधार, बेहतर कृषि उत्पादन, ग्रामीण उपभोग में बढ़ोतरी तथा कर सुधार जैसे घटकों के दम पर भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसी तरह एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा प्रकाशित एशिया-पैसिफिक इकोनमिक आउटलुक रिपोर्ट 2025 के मुताबिक ग्रामीण भारत में विकास की सकारात्मकता है। महंगाई घटने और करों में कटौती से भारत की ग्रामीण खपत में सुधार हुआ है। रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित ग्रामीण उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण पर आधारित रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल में 76.7 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों में उपभोग वृद्धि और 39.6 प्रतिशत परिवारों में आय में वृद्धि सामने आई है। इसी तरह एसबीआइ रिसर्च द्वारा गरीबी पर जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबी में कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से आई है। जहां 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत और शहरी गरीबी 13.7 प्रतिशत थी, वहीं 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घटकर 4.86 प्रतिशत और शहरी गरीबी घटकर 4.09 प्रतिशत पर आ गई है। हाल में जारी नाबार्ड की सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में अब 54.5 प्रतिशत परिवार औपचारिक स्रोतों-क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी समितियों आदि से ऋण लेते हैं, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। उल्लेखनीय है कि 2019 से शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना भी करोड़ों छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय मजबूती दे रही है। अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तीकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में औपचारिक ऋण व्यवस्था ने अच्छी प्रगति की है। गांवों में बैंक शाखाओं की संख्या मार्च 2010 के 33,378 से बढ़कर दिसंबर 2024 तक 56,579 हो गई है। इसके साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था भी प्रभावी भूमिका निभा रही है। सरकार ने बीते 11 वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली सब्सिडी और फसल बीमा राशि को बढ़ाया है। हालांकि देश का कुल कृषि निर्यात 50 अरब डालर के पार पहुंच गया है, लेकिन हमें अभी भी ग्रामीण भारत के विकास और किसानों की प्रगति के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। छोटे और सीमांत किसान आधुनिक खेती की तकनीक अपनाने में असमर्थता अनुभव कर रहे हैं। छोटे किसान आनलाइन खरीदारी में बहुत पीछे हैं। अभी भी ग्रामीण जनजीवन के करीब 22 प्रतिशत लोगों की कर्ज के लिए साहूकारों और अन्य अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भरता बनी हुई है। यह वर्ग ऊंची ब्याज दर पर कर्ज देता है और उसकी औसत ब्याज दरें लगभग 17-18 प्रतिशत से भी अधिक होती हैं। जब छोटे किसानों को मौसमी जोखिम और सरकार से पर्याप्त धन हस्तांतरण की कमी का सामना करना पड़ता है, तब वे भारी ब्याज के बावजूद साहूकारों की चौखट पर दस्तक देते हैं। कई बार छोटे किसान औपचारिक स्रोतों से ऋण लेना तो चाहते हैं, मगर इसमें दस्तावेजों की कमी, गारंटी दाता का अभाव एवं अन्य शर्तें बाधा डालती हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 50 प्रतिशत कृषि परिवार अभी भी कर्ज में डूबे हुए हैं। ऐसे में गांवों में साहूकारों और अनौपचारिक ऋणों पर निर्भरता घटाने के लिए बैंक शाखा विस्तार के अलावा अन्य कदम उठाने की भी जरूरत है। यह समय की मांग है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अंतिम छोर तक मजबूत गैर-बैंकिग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की भूमिका को प्रभावी बनाया जाए। गांवों में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का तेजी से विस्तार करना होगा। इससे छोटे किसानों की संस्थागत ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सकेगी। देश को 2047 तक विकसित बनाने के लिए सरकार को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सशक्त बनाने की डगर पर भी आगे बढ़ना होगा।

## बदहाल सड़क मार्ग लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी, नहीं हुआ समाधान तो करेंगे आंदोलन

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस.)।** साण्डेराव स्थानीय कस्बे से होकर प्राचीन तीर्थ स्थल श्री गंगा वेरी निंबेश्वर महादेव जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने से इस मार्ग से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं सहित ग्रामीणों की लगातार परेशानी बढ़ती जा रही है। साण्डेराव गांव से लेकर गंगा वेरी निंबेश्वर महादेव जाने वाली सड़क पिछले लंबे समय से पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। मार्ग पर जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढों से वाहन चालकों सहित आने जाने वाले ग्रामीणों श्रद्धालुओ कों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस पुरी सड़क पर डामरीकरण तो कहीं पर दिखाई नहीं देता है जबकि बड़े बड़े गड्ढों से हिचकोले खाते हुए वाहनों से उड़ते धूल भरे गुब्बारों से बाइक सवारों की शक्ल भी पहचान में नहीं आ रही हैं। ग्रामीणों ने क्षत्रिय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत एवं पाली जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेजकर शीघ्र इस सड़क मार्ग पर डामरीकरण करवाने की पुरजोर मांग की है।

## रेलवे बोर्ड ने ज़ेडआरयूसीसी में विनोद पारख को सदस्य मनोनीत किया

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर/जयपुर(निस.)।** भारतीय रेल में यात्री सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड ने ज़ोनल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ज़ेडआरयूसीसी) का पुनर्गठन किया है। इस क्रम में पाली ज़िले की सुमेरपुर तहसील के निवासी विनोद पारख को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। उन्हें उत्तर पश्चिमी रेलवे के अंतर्गत विशेष रुचि श्रेणी से यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। ज़ेडआरयूसीसी के सदस्य के रूप में मनोनयन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विनोद पारख ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण है। पारख ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि सुमेरपुर, पाली ज़िले सहित संपूर्ण राजस्थान के रेल यात्रियों की समस्याएँ सीधे रेलवे बोर्ड तक प्रभावी रूप से पहुँचे और उनके समाधान के लिए ठोस एवं समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित हो। पारख ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के प्रति भी हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा, मार्गदर्शन और संगठन का सहयोग उन्हें रेल विकास तथा जनसेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता है। विनोद पारख के मनोनयन से पाली ज़िले तथा सुमेरपुर ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष की लहर है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों एवं युवा वर्ग ने इसे क्षेत्र के दीर्घकालीन रेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। लोगों का मानना है कि अब क्षेत्र की आवाज़ सीधे रेलवे बोर्ड के समक्ष मजबूती से उठाई जा सकेगी।

## महिला अधिकारों पर व्याख्यान आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय जीएचएस कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला नीति के तहत एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन प्राचार्या विनीता चैधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में सुश्री पिंटू कुमारी ने साइबर अवेयरनेस, सेल्फ डिफेंस, मिनाक्षी कुमावत ने प्रोपर्टी राईट्स फोर वुमन के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर अर्चना रांकावत ने कार्यस्थल पर यौन प्रताड़ना के खिलाफ महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया। पूजा रतनू ने लैंगिक समानता, डॉ. अनुसूईया मेहरा ने स्टार्ट अप्स के बारे में बताया। अनुप्रिया ने मानव अधिकार बताये। सीता शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सेवा संकल्प दिवस को लेकर भाजपा की पड़िहारा व परसनेऊ मण्डल की बैठक



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस.)।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र के पड़िहारा व परसनेऊ मण्डल की बैठक मंगलवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में संम्पन हुई ।बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ ने कहा कि आगामी 20 दिसम्बर 2025 को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय हुआ है । इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्त्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुट जायें । मण्डल स्तर पर सघन सम्पर्क करते हुए सेवा सकल्प दिवस में शामिल होने का आह्वान करें । पूर्व सरपंच भजनदास स्वामी ने कहा कि अपने नेता का जन्म दिवस सेवा कार्यों के साथ मनना सभी के लिए प्रेरणादायी ह। पूर्व विधायक महर्षि के जन्म दिवस को उत्सव के रूप में मनना हम सब के लिए गौरव का विषय भी है । कार्यकर्त्ता उत्सव व उमंग के साथ सभी को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दें । इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सन्तोष तालनिया,अर्जुन सिंह फ्रांसा,दीनदयाल पारीक,पड़िहारा मंडल अध्यक्ष श्योपाल मेघवाल,धातरी सरपंच शिवचरण नायक,गिरधारी प्रजापत,महावीर सिंह,जितेन्द्र सिंह मैणासर,भैराराम, ओमप्रकाश कालेर,जानकीदास स्वामी,गोपालराम,ओमप्रकाश,मनीराम,भगवान सिंह राठौड़, माणकचंद प्रजापत,गिरधारी सिंह,हनुमान सिंह,सुरजाराम, परमेश्वर,पूर्णाराम, गोपालराम,बनवारी लाल शर्मा,जगदीश सिंह छाबड़ी मीठी,ओमप्रकाश गढ़वाल सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# सीजीएचएस की अव्यवस्थाओं के खिलाफ कर्मचारियों व पेंशनर्स का संयुक्त प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निस.)** केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवाएं, विद्याधर नगर जयपुर के अवर निदेशक द्वारा सीजीएचएस व्यवस्था में मनमानी व असहयोगपूर्ण रवैया अपनाए जाने के विरोध में मंगलवार को केन्द्रीय सदन, सेक्टर-10, विद्याधर नगर स्थित अवर निदेशक सीजीएचएस कार्यालय के समक्ष मध्याह्न भोजनावकाश के दौरान केन्द्रीय सरकार कर्मचारी व श्रमिक महासंघ तथा केन्द्रीय सरकार पेंशनर्स एसोसिएशन राजस्थान द्वारा संयुक्त प्रदर्शन किया गया। संगठनों ने आरोप लगाया कि नई अवर निदेशक सीजीएचएस जयपुर द्वारा मान्यता प्राप्त कर्मचारी महासंघ व पेंशनर्स एसोसिएशन को विश्वास में लिए बिना सीजीएचएस सलाहकार समितियों में नियम विरुद्ध तरीके से सदस्यों का मनोनयन किया गया है तथा मई 2025 से जोनल सीजीएचएस सलाहकार समिति की बैठकें ही नहीं बुलाई जा रही हैं। इससे सीजीएचएस लाभार्थियों यानी केन्द्रीय कर्मचारी व पेंशनर्स की समस्याओं पर न तो चर्चा हो रही है, न ही उनका निराकरण। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जयपुर के मानसरोवर व निर्माण नगर में नए सीजीएचएस वेलनेस सेंटर खोलने, अलवर व भरतपुर में स्वीकृत वेलनेस सेंटर शुरू करने तथा उदयपुर व सीकर में प्रस्तावित सेंटरों पर कार्रवाई लटकाई जा रही है। साथ ही पिछले 6-7 महीनों से कर्मचारियों व पेंशनर्स से नियमित अंशदान कटने के बावजूद सीजीएचएस कार्ड जारीकरण व नवीनीकरण में अनावश्यक आपत्तियां लगाकर देरी की जा रही है, जिससे कार्ड आवेदन लंबित पड़े हैं और हकदार लाभार्थी चिकित्सकीय सुविधाओं से वंचित हैं। नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि एनआईसी की जगह नए सॉफ्टवेयर की इंस्टॉलेशन से उत्पन्न तकनीकी समस्याओं के समाधान के प्रति भी विभाग गंभीर नहीं है। चिकित्सकों से मेडिकल कार्य करवाने के बजाय उन्हें ज़ोनल ऑफिस के कामों में लगा दिया गया है, जिससे वेलनेस सेंटर्स पर डॉक्टरों की कमी महसूस की जा रही है और मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। प्रदर्शन को साथी डी.के. छंगाणी, राजेन्द्र मीणा, बी.एम. सूंडा, विनोद मीणा, सियाराम स्वामी, एस.एस. राजपूत, रजनीकांत शर्मा सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में रामेश्वर चौधरी, आर.एस. शेखावत, के.एल. कौशिक, श्याम सिंह सैनी, प्रमोद कश्यप, नानूराम मीणा, एम. नागपाल, शिवदत्त शर्मा, सतीश चतुर्वेदी, सुभाष शर्मा, चांदमल सैनी, मूलचंद कुलदीप, दामोदर शर्मा, कन्हैया लाल, ताराचंद शर्मा सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व पेंशनर्स ने हिस्सा लिया।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई





### 60 हजार 900 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 16 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर,(कास.)** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में जे.एल.एन मार्ग, अपेक्स सर्किल, जगतपुरा, टोंक रोड़ बी-2 बाईपास से इण्डिया गेट तक दोनों तरफ, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाज़ार, छोटा रास्ता, छोटी चौपड़, किशनपोल बाज़ार, बाबा हरिशचंद्र मार्ग, बिस्सी धर्मशाला चौराहा, खजाने वालों का रास्ता, खजाने वालों का बाजार, खजाने वालों की गली, चांदपोल बाज़ार, आईएम रोड, मुंशीजी का रास्ता, जनपथ रोड, वाणिज्य पथ, हाई-कोर्ट वाली गली, सहदेव मार्ग, भगवान दास रोड, स्टैच्यू सर्किल से पृथ्वीराज रोड एवं एसएमएस अस्पताल से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 60 हजार 900 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 16 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में जे.एल.एन मार्ग, अपेक्स सर्किल, जगतपुरा, टोंक रोड़ बी-2 बाईपास से इण्डिया गेट तक दोनों तरफ, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाज़ार, छोटा रास्ता, छोटी चौपड़, किशनपोल बाज़ार, बाबा हरिशचंद्र मार्ग, बिस्सी धर्मशाला चौराहा, खजाने वालों का रास्ता, खजाने वालों का बाजार, खजाने वालों की गली, चांदपोल बाज़ार, आईएम रोड, मुंशीजी का रास्ता, जनपथ रोड, वाणिज्य पथ, हाई-कोर्ट वाली गली, सहदेव मार्ग, भगवान दास रोड, स्टैच्यू सर्किल से पृथ्वीराज रोड एवं एसएमएस अस्पताल से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 16 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 60 हजार 900 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गैर संचारी रोगों के बारे में किया जागरूक



### एनसीडी क्लीनिक और मरुधरा स्कूल आफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सूरतगढ़(निस.)।** उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ के एनसीडी क्लीनिक द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिनांक 9 दिसंबर 2025 वार मंगलवार को मरुधरा स्कूल ऑफ़ नर्सिंग के सहयोग से उप जिला चिकित्सालय के सामने नुक्कड़ नाटक 'खामोश दुश्मन' का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह के प्रति जागरूकता के लिए प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भारत भूषण ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा असंक्रामक रोगों के प्रति जो प्रस्तुति दी गई है वह बहुत ही शानदार है और एनसीडी क्लीनिक द्वारा चलाया गया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आमजन के लिए बहुत ही लाभदायक रहेगा। डॉ भारत भूषण ने एनसीडी क्लीनिक को पोर्टेबल साउंड सिस्टम भेंट करने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में नर्सिंग अधीक्षक सुरेंद्र पारीक ने कहा कि नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा गैर संचारी रोगों से बचाव के बारे में जो जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई है वह आमजन के लिए बहुत ही कारगर साबित होगी। एनसीडी क्लीनिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए बेहतरीन कार्य कर रहा है। नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति बहुत ही शानदार रही गैर संचारी रोगों से बचाव और उपचार के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरल और सहज तरीके से बताया। लैब टेक्नीशियन राजेंद्र सारस्वत ने कहा कि असंक्रामक रोग जागरूकता के अभाव में बढ़ रहे हैं इसलिए आज का यह नुक्कड़ नाटक आम आदमी को गैर संचारी रोगों से जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा बच्चों द्वारा जो प्रस्तुति पेश की गई है वह बहुत ही अच्छी थी। काउंसलर दीपक शर्मा ने कहा कि नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा गैर संचारी रोगों से बचाव के जो उपाय नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताए गए हैं वह आम आदमी को अपने जीवन में जरूर अपनाने चाहिए और अपने खान-पान और दिनचर्या में बदलाव करना चाहिए। नुक्कड़ नाटक के अंत में मरुधरा स्कूल आफ नर्सिंग के निदेशक रवि देरासरी ने कहा कि उप जिला चिकित्सालय के एनसीडी क्लिनिक द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर जो कार्य किए जा रहे हैं वह बहुत ही सराहनीय हैं और हम सौभाग्यशाली हैं जो इस प्रकार के स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा होने का गौरव प्राप्त होता है। कार्यक्रम का संचालन अविका पारीक द्वारा किया गया। इस अवसर पर फिजियोथैरेपिस्ट देवेंद्र शरण धाकड़, प्राचार्य पल्लवी कपूर, अध्यापक ताराचंद, नवीन सेठिया, रीता, महक अरोड़ा सहित मरुधरा स्कूल आफ नर्सिंग के विद्यार्थी मौजूद रहे।

मानसरोवर जोन में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

## सड़कों पर घूम रहे एवं अवैध पशु डेयरियों से 25 बेसहारा गौवंश रेस्क्यू

### हिंगोनिया गौ-पुनर्वास केंद्र भेजे गए सभी गौवंश

### सांगानेर जोन में 6 अवैध मीट/मांस की थडियों को किया ध्वस्त

### अक्ता दिवस पर खुली पाये जाने पर 10 मीट/मांस की दुकानों को किया अस्थाई सीज

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.),** नगर निगम जयपुर की पशु प्रबंधन शाखा ने मंगलवार को मानसरोवर जोन क्षेत्र में बेसहारा एवं निराश्रित गौवंश को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर तथा उपायुक्त सीमा शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम डॉ. योगेश शर्मा एवं डॉ. राकेश कलोरिया ने पूरे क्षेत्र में सघन निरीक्षण करते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। अभियान के दौरान सड़कों, गलियों और आवासीय इलाकों में घूम रहे 25 बेसहारा गौवंश को रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से हिंगोनिया गौ-पुनर्वास केंद्र भेजा गया। टीम ने मौके पर मौजूद पशुओं की स्थिति की जांच की तथा परिवहन प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया तथा सांगानेर जोन के प्रतापनगर क्षेत्र में संचालित 6 अवैध मीट/मांस की थड़ियों को बुलडोजर की सहायता से ध्वस्त कराया गया एवं शहर के हसनपुरा, शास्त्रीनगर, भट्टा बस्ती, जालुपुरा, जयसिंहपुरा खोर क्षेत्र में मंगलवार (अक्ता दिवस) को खुली पायी गई 10 मीट/मांस की दुकानों को अस्थाई सीज किया गया। उपायुक्त सीमा शर्मा ने बताया कि आवासीय इलाकों और मुख्य सड़कों पर घूमते बेसहारा गौवंश न केवल यातायात बाधित करते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण भी बनते हैं। इसी को देखते हुए निगम द्वारा ऐसे क्षेत्रों में नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है, जिससे शहर में यातायात सुचारू रहे और पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। लक्ष्य है कि शहर को बेसहारा पशु समस्या से मुक्त किया जाए और सभी गौवंश को सुरक्षित पुनर्वास केंद्रों तक पहुँचाया जाए।

## दूल्हे ने लौटाए दहेज के दो लाख रुपये, एक रुपये व नारियल लेकर की शादी

### दहेज प्रथा के खिलाफ बनी अनोखी मिसाल, तालियों से गूंज उठा पंडाल

जयपुर टाइम्स



**नावा।(निस.)** उपखंड मुख्यालय नावा में मंगलवार को हुए एक विवाह समारोह में दहेज प्रथा के खिलाफ समाज को मजबूत संदेश देने वाली अनोखी मिसाल देखने को मिली। यहां दूल्हे श्याम गहलोत ने दुल्हन पक्ष की ओर से दिए गए दो लाख रुपये लौटाकर केवल एक रुपया व नारियल लेकर शादी रचाई। जानकारी के अनुसार सीकर जिले के रामगढ़ निवासी शंकरलाल की पुत्री पूजा का विवाह नावा निवासी श्याम गहलोत के साथ निर्धारित था। बारात पहुंचने के बाद दुल्हन पक्ष की ओर से शगुन स्वरूप दो लाख रुपये नगद वर पक्ष को भेंट किए गए, लेकिन दूल्हे श्याम ने तत्क्षण यह राशि वापस लौटा दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विवाह दो परिवारों और दो दिलों का पवित्र बंधन है, किसी प्रकार की सौदेबाजी या लेनदेन का माध्यम नहीं। इसके बाद उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से मात्र एक रुपया और नारियल स्वीकार कर वैवाहिक रस्में सम्पन्न कीं। दूल्हे के इस निर्णय से पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने इसे दहेज प्रथा के खिलाफ साहसिक एवं प्रेरणादायी कदम बताया। क्षेत्र में श्याम गहलोत की यह पहल अब चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई है और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत साबित हो रही है।

## नगर निगम के कॉलसेन्टर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में आई तेजी

**जयपुर,(निस.)** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर आमजन की शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। आयुक्त की सख्त मॉनिटरिंग और स्पष्ट निर्देशों के बाद निगम की सभी शाखाओं ने शिकायत निस्तारण की रफ्तार कई गुना बढ़ा दी है। नगर निगम के कॉल सेन्टर पर प्राप्त शिकायतों में पिछले 14 दिनों में 68 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया गया है। सफाई और सीवर जैसी सबसे ज्यादा आने वाली शिकायतों को निस्तारण के लिए अधिकारियों ने फील्ड में लगातार कार्रवाई की, जिसके चलते 60 प्रतिशत से अधिक सफाई व सीवर शिकायतें निस्तारित कर दी गईं। आयुक्त के निर्देश के बाद स्वास्थ्य शाखा के उपायुक्तों ने फील्ड में जाकर निरीक्षण किया, जहां समस्याओं को मौके पर ही टीम बुलवाकर हल करवाया गया। लगातार मॉनिटरिंग से कई वार्डों में सफाई स्तर में दिखाई देने वाला सुधार हुआ है। पिछले दो सप्ताह में सड़क पर 35 ओपन डिपो भी खत्म किए गए है। वहीं, सड़क पर कचरा फैलाने और गंदगी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। लाइट शाखा में स्ट्रीट लाइट बंद होने की 118 शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की गई। वहीं गार्डन शाखा ने पार्कों में सफाई, हरियाली और रखरखाव संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता पर निपटाया। टूरिस्ट स्पॉट पर पेड़ो की कटाई -छंटाई कार्य भी किया जा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था की 90 प्रतिशत से ज्यादा शिकायतों का हुआ निस्तारण-आयुक्त बोले, '100 प्रतिशत लक्ष्य जल्द पूरा किया जाए '।

# हाई कोर्ट में फिर बम होने की सूचना से वकीलों और आमजन में दहशत, लगातार तीसरे दिन मिली सूचना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मंगलवार को फिर से राजस्थान हाई कोर्ट में बम होने की सूचना दी गई इससे पहले लगातार दो दिनों तक हाई कोर्ट में बम होने की सूचना दी गई थी दोनों बार ही पुलिस ने हाई कोर्ट परिसर को खाली करवा कर सदन तलाशी ली लेकिन कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली मंगलवार को भी तीसरी बार हाई कोर्ट में बम होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत हाई कोर्ट परिसर को खाली करवाया तथा पुलिस ने मौके पर बम निरोधक दस्ता और खोजी कुत्ते भी बुलवाए काफी देर तक हाई कोर्ट परिसर और आसपास के इलाके में पुलिस ने सघन चेकिंग और तलाशी अभियान को अंजाम दिया लेकिन मंगलवार को भी पुलिस को कुछ भी मौके पर नहीं



मिला जिसके बाद पुलिस ने हाई कोर्ट को पूरी तरह से सुरक्षित बताया लेकिन वकीलों में इस बात की गहरी नाराजगी है कि लगातार जिस तरह से बम होने की फर्जी धमकी दी जा रही है इसकी वजह से पुलिस और प्रशासन का बेवजह समय तो खराब हो ही रहा है इसके अलावा हाई कोर्ट का कामकाज भी बाधित हो रहा है और यहां आने वाले लोगों के चेहरों पर भी चिंता साफ नजर आती है वकीलों में भी कहीं ना कहीं यह डर जरूर बना रहता है कि बार-बार जिस तरह से हाई कोर्ट में बम होने की सूचना दी जा रही है और फिर यह सूचना गलत पाई जा रही है लेकिन कहीं ऐसा ना हो जाए कि किसी दिन यह सूचना सही हो और पुलिस गलत सूचना मानकर मौके पर न पहुंचे इसलिए पुलिस भी हमेशा जैसे ही पुलिस को इस तरह की सूचना मिलती है पुलिस तुरंत पुख्ता प्रबंध के साथ मौके पर पहुंच रही है क्योंकि पुलिस को भी यही डर रहता है की कहीं यह सूचना सही निकल गई तो फिर मौके पर भारी जान माल का नुकसान हो सकता है इसलिए पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचती भी है और हाई कोर्ट प्रशासन को खाली करवा कर सदन तलाशी भी लेती है । सोमवार को कोटा में भी इसी तरह से कोचिंग सेंटर और जिलाधीश कार्यालय में बम होने की सूचना दी गई वहां भी यह सूचना पूरी तरह से गलत मिली कुल मिलाकर पुलिस यह मानकर चल रही है कि राजधानी जयपुर और प्रदेश के कई अन्य जगहों पर बम होने की देने वाले व्यक्ति एक ही ग्रुप के हैं जो कहीं ना कहीं कोई विशेष प्लानिंग के तहत इस तरह की सूचनाओं लगातार भेज रहे हैं लेकिन अफसोस की बात यह है कि पुलिस अब तक इस तरह की सूचना देने वाले लोगों तक पहुंच नहीं पा रही है बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से दी जा रही है जिसकी जांच करने में पुलिस को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यही वजह है कि पुलिस सूचना देने वाले लोगों को चिन्हित नहीं कर पा रही ।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि पर संगोष्ठी आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सुजानगढ़ द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर चलाए जा रहे सामाजिक पखवाड़े के तहत राजकीय प्रेमसुख भीवसरिया बालिका विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोर दास स्वामी, प्रधानाचार्य शीतल मिश्रा, मुख्य वक्ता एबीवीपी सुजानगढ़ जिला संगठन मंत्री सुनील कुमार, कार्यक्रम संयोजिका आस्था रांकावत एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती स्वामी विवेकानंद एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संगोष्ठी का विषय 'समाज निर्माण में डॉ. अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता' रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि किशोर दास स्वामी ने बताया कि संविधान निर्माता बाबा साहेब के संघर्ष, सामाजिक समरसता, शिक्षा, समान अवसर और सामाजिक न्याय पर उनके योगदान को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता सुनील कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि भीमराव अंबेडकर केवल संविधान के शिल्पकार ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के सबसे बड़े प्रेरक थे। विद्यालय प्रधानाचार्य शीतल मिश्रा ने बताया कि वर्तमान समय में सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं परिषद के कार्यकर्ता, इकाई अध्यक्ष बच्चन सिंह, देवकीनंदन रैगर, रोहित जाटोलिया, कृष्णा रांकावत आदि उपस्थित रहे।

## दुध टैंकर ने मारी बाईक सवार को टक्कर

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** बाईक पर सवार होकर गांव नूवां से रतनगढ़ आ रहे दो भाइयों के मंगलवार को दूध के टैंकर ने टक्कर मार दी, जिससे एक भाई की मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के 45 वर्षीय चाचा ने पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि गांव नूवां निवासी 45 वर्षीय लक्ष्मण पुत्र घड़सीराम प्रजापत ने रिपोर्ट दी कि उसका भतीजा मुकेश एवं मोहित पुत्र श्रवण प्रजापत एक ही बाईक पर सवार होकर नूवां से गांव पायली के रास्ते से होते हुए रतनगढ़ आ रहे थे। नेशनल हाईवे 11 पर गांव पायली व संगम चौराहा के बीच सामने से आ रहे एक दूध के टैंकर के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन को चलाते हुए बाईक के टक्कर मार दी, जिससे मुकेश कच्चे में जा गिरा तथा 21 वर्षीय मोहित के सिर में चोट आई। मोहित को कांग्रेस नेता रामवीरसिंह राईका जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लक्ष्मण की रिपोर्ट पर टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर बलवंतसिंह कर रहे हैं।

## वकीलों के चुनावों के लिए नामांकन पत्र हुए निर्गमित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अभिभाषक संघ सुजानगढ़ के चुनावों के लिए नामांकन पत्र निर्गमित किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए श्याम सुंदर खंडेलवाल, प्रदीप कटाताला, राजेंद्र सोनी, बनवारीलाल जाट, सूरजमल यादव, भीमशंकर शर्मा, ओमप्रकाश घोटिया को नामांकन पत्र निर्गमित हुए हैं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष के लिए नरेश सींवर, प्रदीप कटाताला, नवरतन सैनी, तोलाराम गोदारा, हरीश पाण्डिया, सचिव के लिए डूंगरसिंह, प्रदीप कटाताला, ओमप्रकाश घोटिया, बनवारीलाल बिजारणिया, नवरतन सैनी, हेमन्द्रसिंह, संयुक्त सचिव के लिए नरेश सींवर, प्रदीप कटाताला, महावीर, विकास भार्गव को नामांकन पत्र निर्गमित किए गए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मधु चोबदार ने बताया कि कोष सचिव पद हेतु विकास भार्गव, ओमप्रकाश शर्मा को नामांकन निर्गमित हुए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट दशरसिंह ने बताया कि पुस्तकालय सचिव के लिए डूंगरसिंह, प्रदीप कटाताला, किशनलाल शर्मा को फार्म निर्गमित हुए हैं।

## तोदी महाविद्यालय के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

### एथलेटिक्स में एक स्वर्ण, पांच रजत व दो कांस्य पर कब्जा

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय, लक्ष्मणगढ़ के खिलाड़ियों ने शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल आठ पदक जीतकर इतिहास रच दिया।



यह प्रतियोगिता सेठ मोतीलाल पीजी कॉलेज, झुंझुनूं में 6 दिसंबर से 8 दिसंबर 2025 तक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की 85 टीमों ने भाग लिया।प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने जानकारी देते हुए बताया कि बीए प्रथम वर्ष के छात्र मनजीत ने शॉट पुट में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को स्वर्ण पदक दिलाया। वहीं बीए तृतीय वर्ष के छात्र सोनू ने ट्रिपल जंप में, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अनिल कुमार ने 20 किलोमीटर पैदल चाल में तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा टीना सेन ने 400 मीटर और 100 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक हासिल किया। इसके साथ ही बीए तृतीय वर्ष की छात्रा दीपक कंवर ने 3000 मीटर स्टेपलचेज में भी रजत पदक प्राप्त किया।कांस्य पदक श्रेणी में बीए प्रथम वर्ष के छात्र शिवराज सिंह ने 20 किलोमीटर पैदल चाल में तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुनीता कुमारी ने 10 किलोमीटर रनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस उपलब्धि पर संस्था सचिव आशकरण शर्मा, प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत, प्रशासक प्रमेंद्र सिंह शेखावत, खेल प्रभारी लिछमण सिंह, शारीरिक शिक्षक सुरेंद्र सिंह सहित लेफ्टिनेंट (डॉ.) नरेश कुमार वर्मा, डॉ. आनंद शर्मा, प्रेम सिंह, महेश कुमार अग्रवाल, अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. राशिद अली, मनीष देव मील, पंकज शर्मा तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एमएनआईटी परिसर में घुसे पैंथर को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा, बजाज नगर में 2 दिन से लोगों में थी दहशत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वन विभाग की टीम ने मंगलवार को एमएनआईटी परिसर में घुसे पैंथर को ट्रेंकुलाइज कर काबू में किया और फिर वापस उसे झालाना डूंगरी के जंगल में भेज दिया गया जानकारी के अनुसार पिछले दो दिनों से बजाज नगर के अनीता कॉलोनी में पैंथर का मूवमेंट देखा गया था इसके बाद से ही वन विभाग की टीम और पुलिस की टीम पैंथर की तलाश कर रही थी लेकिन पैंथर नजर नहीं आया इस बीच मंगलवार को एमएनआईटी परिसर में पैंथर की उपस्थित देखकर एमएनआईटी प्रशासन से जुड़े लोगों ने वन विभाग और पुलिस को सूचना दी इसके बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पैंथर को ट्रेंकुलाइज कर उसे पकड़ा गया जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से झालाना डूंगरी के आसपास के रिहाई से इलाकों में पैंथर का मूवमेंट लगातार देखने को मिल रहा है इससे पहले जयपुर के सिविल लाइंस इलाके में जहां पर मुख्यमंत्री राज्यपाल और कई मंत्रियों के सरकारी बंगले हैं इस इलाके में भी पैंथर का मूवमेंट देखा गया था यहां राज्य मंत्री सुरेश सिंह रावत के बंगले में पैंथर का मूवमेंट देखा गया था इसके बाद जयपुर के कई अन्य इलाकों में भी पैंथर लगातार नजर आए इसलिए जयपुर में विभिन्न इलाकों में पैंथर की उपस्थिति ने जयपुर के लोगों का ही नहीं बल्कि पुलिस और वन विभाग के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी की हुई है इसलिए वन विभाग ने जंगल से आवासीय बस्तियों में घुस रहे पैंथर के मूवमेंट को रोकने के लिए अब नए सिरे से उपाय भी शुरू किए हैं इसके लिए वन विभाग की पांच बड़ी टीमों का गठन किया गया है जो जयपुर के अलग-अलग इलाकों में रात्रि के दौरान पहरा देते हैं इसके अलावा अब प्रत्येकपैंथर को जीएसएम



कॉलर से जोड़कर उसको वन विभाग के अधिकारियों के मोबाइल से कनेक्ट किया जाएगा जिसकी वजह से पैंथर की गतिविधियों और मूवमेंट के बारे में वन विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से जानकारी मिलती रहेगी इसलिए यह पता लगाने में आसानी रहेगी कि कौन सा पैंथर ज्यादा जंगल से आवासीय बस्तियों में घुस रहा है फिर ऐसे पैंथर की पहचान करके उसे अन्य सफारी पार्क में भेजा जाएगा इस तरह से इस नए सिस्टम पर वन विभाग ने काम करना शुरू कर दिया है बजाज नगर की अनीता कॉलोनी में पैंथर के नजर आने के बाद और फिर पैंथर के नहीं पकड़े जाने के बाद बजाज नगर और आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर छाई हुई थी लोग रात्रि के समय ठीक तरह से नींद नहीं निकल पा रहे थे क्योंकि उन्हें हमेशा यह वह बना हुआ था कि कहीं पैंथर उनके मकान में नहीं घुस जाए लेकिन अब एमएनआईटी परिसर में पैंथर के ट्रेंकुलाइज कर पकड़े जाने के बाद बजाज नगर और आसपास के लोगों ने राहत की सास ली है लेकिन लोगों का कहना है कि पैंथर फिर से जंगल छोड़कर यहां आ सकता है इसलिए इस दिशा में वन विभाग को जल्दी से जल्दी ठोस कदम उठाने ही होंगे ।

## उदयपुर के डॉक्टर से 30 करोड़ कीठगी : प्रसिद्ध फिल्म का विक्रम भट्ट और श्वेतांबरी भट्ट 7 दिन के पुलिस रिमांड पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उदयपुर के प्रमुख डॉक्टर अजय से फिल्म निर्माण का झांसा देकर 30 करोड रुपए ठगने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हिंदी फिल्म जगत के मशहूर डायरेक्टर निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेताब्दी भट्ट को कोर्ट ने 7 दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया है पुलिस अब इन 7 दिनों में गिरफ्तार अभियुक्तों से डॉक्टर से धोखाधड़ी करने के मामले में और पूछताछ करेगी  इस मामले में पुलिस ने एक लंबी प्रश्न सूची तैयार की है जिसके जवाब विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी से लिए जाएंगे हालांकि विक्रम भट्ट का कहना है कि यह पूरा मामला मिसअंडरस्टैंडिंग की वजह से हुआ है वह पूरी तरह से निर्दोष है और जो एलिगेशन उन पर लगाए गए हैं वह तथ्यों से परे हैं फिलहाल पुलिस ने विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी से आवश्यक पूछताछ कर रही है इस मामले में अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी की गई है विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी की गिरफ्तारी होने से मुंबई के फिल्म जगत में हल चलें काफी तेज हो गई हैं क्योंकि विक्रम भट्ट कई सुपरहिट फिल्मों का निर्माण और निर्देशन कर चुके हैं उन पर जिस तरह से 30 करोड रुपए ठगने के आरोप लगाए गए हैं इन आरोपों को  मुंबई फिल्म जगत से जुड़े ज्यादातर लोग गलत बता रहे हैं लेकिन जिस तरह से पीड़ित डॉक्टर ने पुलिस के समक्ष जो दस्तावेज सबूत और अपनी शिकायत दर्ज करवाई है उसके आधार पर कहीं ना कहीं पुलिस की प्रारंभिक जांच में विक्रम भट्ट कहीं दोषी जरूर नजर आए इसी वजह से पुलिस उनको गिरफ्तार करने



के लिए मुंबई तक गई और मुंबई पुलिस के सहयोग से विक्रम भट्ट की पत्नी श्वेतांबरी भट्ट की बहन के घर पर यह गिरफ्तारी हुई बाद में मुंबई के बांद्रा कोर्ट से ट्रांजिट डिमांड पर लेकर उदयपुर पुलिस मुंबई से लेकर उन्हें उदयपुर पहुंची अब उदयपुर कोर्ट में विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबर भट्ट को पेश करके पुलिस ने उन्हें रिमांड पर लेने की अनुमति कोर्ट से मांगी जिस पर कोर्ट ने 7 दिन के पुलिस रिमांड की अनुमति दे दी है उदयपुर के भोपाल पुर थाने में दर्ज की गई प्रमुख डॉक्टर अजय की शिकायत में बताया गया है कि आरोपी विक्रम भट्ट ने फिल्म निर्माण में 200 करोड रुपए का मुनाफा कमाने की बात कही उन्होंने कहा कि 30 करोड रुपए लगाने से उन्हें 200 करोड रुपए का फायदा होगा डॉक्टर अजय अपनी दिवंगत पत्नी की बायोपिक भी बनाना चाहते थे इसलिए वे विक्रम भट्ट के बहकावे में आ गए पुलिस रिपोर्ट में बताया गया है कि उनसे कई किस्तों में विक्रम भट्ट ने अलग-अलग तरीके से पैसे लिए ।

## हिंसा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम व बेटी जन्मोत्सव आयोजित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(निसं.)।** ब्लॉक प्रशासन एवं निदेशालय महिला अधिकारिता की ओर से मंगलवार को पंचायत समिति स्तर पर हिंसा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम एवं बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा उपस्थित रहे। उन्होंने बेटियों को समाज की नई दिशा बताते हुए महिला सशक्तिकरण पर बल दिया।कार्यक्रम के तहत पांच बालिकाओं का बेटी जन्मोत्सव केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बालिकाओं की माताओं को बेबी किट, खेल किट एवं संकल्प पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में पंचायत समिति वीडियो रोमा सहारण, सीडीपीओ हरि कृष्ण, अधिवक्ता बाबूलाल ढाका, चिरंजी लाल भूरिया, समाज कल्याण छात्रावास अधीक्षक यादव कुमार शर्मा, सूचना सहायक राजेश सुंडा, महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर निर्मला, एमएसएसके मंजू स्वामी सहित सीडीपीओ कार्यालय के कार्मिक मौजूद रहे।अधिवक्ता बाबूलाल ढाका ने महिला हिंसा रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की, वही अधीक्षक यादव कुमार शर्मा ने विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन ग्राम साथिनों को सम्मानित किया गया।

## चोरी के आरोपी को भेजा जेल, तीन नाबालिग निरूद्ध

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आईपीएस सत्यनारायण प्रजापत के चाचा बाबूलाल प्रजापत के घर हुई चोरी के बाद कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना का 6 दिनों में ही खुलासा कर दिया है। थानाधिकारी बेगाराम मीणा ने बताया कि शिवबाड़ी रोड स्थित बंद घर में चोरी करने वाले तीन नाबालिग को निरूद्ध किया है। जबकि घटना के बाद चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी अमान उल्ला पुत्र शेख अलीमुद्दीन जाति शेख निवासी चांद बास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घर से चोरी हुई नगदी सहित सोने - चांदी के आभूषणों को भी बरामद कर लिया है। मीणा ने बताया कि तीन नाबालिगों को बाल किशोर न्यायालय चूरू में पेश कर उन्हें बाल किशोर सुधार गृह में भेज दिया है। आपको बता दे कि बाबूलाल प्रजापत के बंद घर में 02 दिसंबर को चोरी हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने 50 कैमरे खंगालते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सीआई मीणा ने बताया कि नाबालिग नशे के आदि हैं। जिन्होंने गेम खेलने व नशे के लिए घर की रेकी कर घटना को अंजाम दिया। इस चोरी के खुलासे में हैड कांस्टेबल रमेश और कांस्टेबल विक्रम की



महत्वपूर्ण भूमिका रही। सीआई बेगाराम मीणा ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उसे 23 दिसम्बर तक जेल भेजे जाने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं। आपको बता दे कि गत माह में सुजानगढ़ क्षेत्र में तीन अन्य घरों में भी चोरी हुई थी। जिनमें भी लाखों रुपए का नुकसान घर मालिकों को हुआ था। चोरी की घटना दर्ज होने के बाद भी पुलिस को तीन घरों में हुई चोरियों में अभी तक सुराग नहीं लगा है। जबकि उत्तरप्रदेश में तैनात सुजानगढ़ निवासी आईपीएस अधिकारी के चाचा के घर हुई चोरी का फटाफट खुलासा कर दिया है।

# भाजपा कार्यालय में किरोड़ी और देवासी ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी, खाद और बिजली की भी आई शिकायत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार को कृषि मंत्री किरोड़ी मीणा और राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने प्रदेश भर से आए पार्टी जनों की शिकायतों को सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े पदाधिकारी श्रवण बागड़ी और सरिता भी उपस्थिति रही । जनसुनवाई के इस कार्यक्रम में पानी, बिजली और खाद जैसी समस्या लेकर भी बाजपेई बीजेपी के खाद जैसी समस्या लेकर भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बीजेपी कार्यालय में पहुंचे । जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा कार्यालय में सरकार के मंत्रियों की ओर से आयोजित किया जा रहा यह जनसुनवाई कार्यक्रम सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के लिए ही निर्धारित किया हुआ है इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य कोई व्यक्ति यहां पर अपनी शिकायत लेकर पहुंच रहा है तो उसे



भाजपा कार्यालय में मंत्रियों के समक्ष उपस्थित नहीं होने दिया जा रहा इसके लिए बाकायदा शिकायत लेकर आने वाले व्यक्ति की जांच पड़ताल की जा रही है कि क्या व्यवस्था में पार्टी के संगठन से जुड़ा हुआ है या नहीं इसके लिए बूथ ब्लॉक और जिला स्तर पर संगठन से जुड़े नेताओं के बारे में आवश्यक जानकारी हासिल की जा रही है संगठन से जुड़े नेताओं की स्वीकृति मिलने के बाद ही शिकायत करने वाले व्यक्ति को मंत्रियों से मिलने दिया जा रहा है इसके अलावा जनसुनवाई के इस कार्यक्रम के दौरान मीडिया की उपस्थिति पर भी प्रतिबंध है



लगाया हुआ है हालांकि फोटो सेशन के लिए मीडिया को जरूर कुछ देर के लिए अलाउ कर दिया जाता है अन्यथा मीडिया को इजाजत नहीं दी गई है बाद में जनसुनवाई कार्यक्रम के पूरा होने के बाद मंत्री पत्रकारों से बातचीत जरूर करते हैं उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सप्ताह के तीन दिन सोमवार, मंगलवार और बुधवार को राजस्थान सरकार के मंत्री बारी-बारी से प्रदेश भाजपा कार्यालय में उपस्थित होकर प्रदेश भर से आने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की शिकायतों का समाधान कर रही है इस दौरान संगठन से जुड़े नेता भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहते हैं कार्यक्रम के दौरान जिस शिकायत का अन्य मंत्रियों से तालुका होता है उन शिकायतों के बारे में हाथों-हाथ ही जनसुनवाई कर रहा मंत्री संबंधित मंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों को उन शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया जाता है जानकारी के अनुसार जैसे-जैसे प्रदेश भर के भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित किया जा रहे इस कार्यक्रम की जानकारी मिल रही है वैसे-वैसे इस कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ताओं की संख्या में भी तेजी से वृद्धि होती जा रही है सोमवार को जब दिया कुमारी यहां जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर रही थी उस समय प्रदेश भाजपा कार्यालय में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंच गए थे जिसकी वजह से भारी भीड़ भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में एकत्रित हो गई थी भारी भीड़ को देखते हुए पार्टी कार्यालय से भीड़ को हटाया भी गया कुल मिलाकर इस बार मंत्रियों की ओर से आयोजित किया जा रहा यह जनसुनवाई का कार्यक्रम कहीं ना कहीं पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों की समस्याओं के निस्तारण में ज्यादा गंभीर नजर आ रहा है कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निराकरण भी हो रहा है शायद इसी वजह से इस जनसुनवाई कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की भीड़ नजर आने लगी है मंगलवार को डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने प्रत्येक शिकायत को काफी गंभीरता से लिया जो शिकायत उनके विभाग से संबंधित थी उनके निराकरण के लिए उन्होंने हाथों-हाथ ही संबंधित अधिकारियों से फोन से बात करके निस्तारण के आदेश दिए और जो समस्याएं अन्य विभागों से संबंधित थी उन समस्याओं के लिए उन्होंने हाथों-हाथ ही संबंधित मंत्री और संबंधित विभाग के बड़े अधिकारियों से कौन से बातचीत करके समस्याओं के निवारण के लिए कहा इस कार्य में ओटाराम देवासी भी गंभीरता से डॉक्टर किरोड़ी मीणा का सहयोग करते हुए नजर आए ।

# भाटीपुरा में शराबियों और बदमाशों का आतंक, ग्रामीण परेशान

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं)।** जयपुर- फलोदी हाइवे पर स्थित भाटीपुरा हाईवे के समीप शराब ठेके के आसपास लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं और शराबियों के आतंक से स्थानीय ग्रामीण तंग आ चुके हैं। मंगलवार को गांव के सैकड़ों लोगों ने आक्रोशित होकर उप जिला कलेक्टर ऋषिराज कपिल को ज्ञापन सौंपा और क्षेत्र की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि भाटीपुरा बस स्टैंड के पास शराब की दुकान होने से यहां दिन-रात शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। नशे में धुत युवकों और असामाजिक तत्वों की हरकतों से यहां का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया है। खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों का निकलना बेहद मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि शराब ठेके से



मात्र सौ मीटर की दूरी पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित है, जिसमें सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन आते-जाते हैं। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल समय में भी शराबी फब्तियां कसते हैं और अश्लील व्यवहार करते हैं, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

## महिलाओं का गुजरना हुआ दूभर:

बस स्टैंड पर रोजाना कई महिला और पुरुष यात्री आते-जाते हैं, लेकिन शराबियों के हुड़दंग, गाली-गलौज और धमकियों के कारण राहगीरों का गुजरना असहज हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करते हुए बस स्टैंड का उपयोग करने से बचती हैं।

## शराब ठेके पर हत्या से मचा था हड़कंप:

ग्रामीणों ने याद दिलाया कि कुछ ही दिन पहले इसी शराब ठेके के पास कुछ बदमाशों ने निर्दोष एवं गरीब दाना राम गुर्जर की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद से पूरा गांव सहमा हुआ है और लोग अपने बच्चों तथा परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि इस शराब ठेके के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई और असामाजिक तत्वों पर लगाम नहीं कसी गई, तो वे सामूहिक आंदोलन शुरू करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में हीरालाल गुर्जर, मुकेश, रामलाल, शंकरलाल, प्रभुराम, मोतीराम, मानाराम ठोलिया, श्रवण, दयाल, बाबूलाल, गणेशराम, बालूराम, पोखर गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उप जिला कलेक्टर ऋषिराज कपिल ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कराकर शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# जागृति महिला मंडल ने बच्चों को वितरित किए गर्म वस्त्र

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जागृति महिला मंडल की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय मीरपुर गांव तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय नेनइया की ढाणी में छोटे-छोटे बच्चों को जर्सी, टोपी, मोजे और अन्य आवश्यक गर्म वस्त्र वितरित किए गए। ठंड के मौसम में यह पहल बच्चों के लिए सुरक्षा और स्नेह की गर्माहट लेकर आई। कार्यक्रम के दौरान नन्हे बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ने पूरे मंडल को संतोष और खुशी से भर दिया। समूह की सदस्यों ने बताया कि हमारी सबसे बड़ी सफलता वही है, जब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान नजर आती है। इस पूरी गतिविधि का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि हर बच्चा कठोर सर्दी में गर्माहट, प्रेम और देखभाल महसूस कर सके। जब बच्चों ने अपने नए स्वेटर, मोजे और टोपी पहनकर खुशी प्रकट की, तो जागृति महिला मंडल को लगा कि उनकी यह छोटी सी कोशिश बच्चों के मासूम बचपन में थोड़ी उजली रोशनी जोड़ पाई है। इस सेवा अभियान को सफल बनाने में टीम के सहयोग, समय और समर्पण की प्रमुख भूमिका रही। हर सदस्य ने पूरे मन से भाग लेकर यह संदेश दिया कि जब मन में करुणा और समाज के प्रति जिम्मेदारी हो, तो परिवर्तन की दिशा में उठाया हर कदम बड़ा असर दिखाता है। उनका यह छोटा सा योगदान बच्चों को ठंड से राहत देने के साथ-साथ उन्हें यह भरोसा भी दिलाता है कि समाज उनके साथ खड़ा है। मंडल ने कहा कि मुस्कान बांटने का सुख ही सबसे बड़ा दान है। इस अवसर पर रजनी सिंघल, सुमन बंसल, राधा मित्तल, मनोरमा मित्तल, सीमा मित्तल, सोनम बंसल, राजकुमारी बिंदल, अनीता अवस्थी, रमा रावत, शिमला मंगल, गीता गर्ग, कृष्णा जिंदल, सुषमा पहाड़िया, महेश अवस्थी, उमेश सिंघल आदि मौजूद रहे।




# प्रजापति जागृति मंच की ओर से 28 दिसंबर को विराट टैलेंट सर्च एग्जाम, फॉर्म वितरण अभियान तेज

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** प्रजापति जागृति मंच विराटनगर द्वारा आगामी 28 दिसंबर रविवार को आयोजित होने वाली विराट टैलेंट सर्च एग्जाम 2025 को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। परीक्षा के लिए फॉर्म वितरण का कार्य दो विशेष टीमों द्वारा क्षेत्र के आतेला, भाभरू, बीलवाड़ी, नवरंगपुरा, ठीकरिया, जयसिंहपुरा, देवली, पापड़ी सहित कई गांवों में किया गया।समिति अध्यक्ष हजारी लाल वैद्य एवं प्रोफेसर डॉ धनाराम ने बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा से पूर्व बेहतर तैयारी कराने, उनमें प्रतिस्पर्धा तथा प्रेरणा की भावना जागृत करने हेतु यह परीक्षा आयोजित की जा रही है।यह प्रतिभा खोज परीक्षा विराटनगर, कोटपूतली, थानागाजी, पावटा, प्रतापगढ़, बानसूर, नारायणपुर, शाहपुरा, जमवारामगढ़ एवं चोमू-आमेर सहित कुल 10 तहसीलों में एक साथ आयोजित होगी।परीक्षा में प्रथम विजेता को 11,000 रुपये, द्वितीय को 5,100 रुपये, तृतीय को 3,100 रुपये, चतुर्थ को 2,100 रुपये तथा पंचम विजेता को 1,100 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 6 से 10वीं रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी 1,000-1,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।फॉर्म वितरण एवं एकत्रीकरण का कार्य प्रत्येक तहसील की स्थानीय समितियों द्वारा किया जा रहा है। फॉर्म वितरण अभियान में सीताराम प्रधानाध्यापक मेड, पूर्व सरपंच पापड़ी सुरेंद्र, किशोर कुम्हार प्रशासक पालड़ी,राजेश अध्यापक, प्रोफेसर धर्मपाल, रमेश व्याख्याता सहित अनेको गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# हिंदू राष्ट्र की स्थापना एवं हिंदुत्व पर बल देने की आवश्यकता हैं-तोगड़िया

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** हमें हिंदू राष्ट्र की स्थापना एवं हिंदुत्व पर बल देने की आवश्यकता हैं। प्राचीन काल में लगभग संपूर्ण विश्व पर सनातन संस्कृति का आधिपत्य था। कालांतर में जैसे-जैसे हिंदू आबादी घटती गई उन क्षेत्रों पर मुस्लिम एवं ईसाइयों ने अपना कब्जा कर लिया। भारत में भी मुस्लिम संस्कृति का कब्जा रहा जो बाबर से लेकर औरंगजेब तक चला। यह समय फिर से हिंदुओं को संगठित होने का है ताकि फिर से कोई हिंदुओं को प्रताड़ित न कर सके।यह विचार अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने पंचायत चौक में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।डॉ. तोगड़िया ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, हिंदू हेल्पलाइन, किसान हेल्पलाइन, हनुमान चालीसा केंद्र आदि के माध्यम से हिंदुओं को संगठित कर रहा है।डॉ.तोगड़िया ने मंगलवार सुबह छोटी बिजौलियां में किसान संगोष्ठी के दौरान किसानों को संबोधित किया। देव डूंगरी देवनारायण मंदिर पर तोगड़िया ने गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। वहीं अभिभाषक परिषद् बिजौलियां द्वारा भी तोगड़िया का अभिनन्दन किया गया। साथ ही कस्बेवासियों ने कई जगहों पर तोगड़िया का स्वागत किया ।



# सीमलियावास वाटीका के लोगों के चेहरे पर आई मुस्कान, सामुदायिक सुरक्षित पेयजल केन्द्र का हुआ शुभारम्भ

जयपुर टाईम्स

**सागानेर(निसं.)।** कस्बे के क्षेत्र सीमलियावास वाटीका ग्राम पंचायत में आज स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नांदी वॉटर, सनोफी और ग्राम पंचायत सीमलियावास वाटीका के सहयोग से स्थापित सामुदायिक सुरक्षित पेयजल केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच माया देवी रहीं। कार्यक्रम में सरकारी विद्यालय की प्रिंसिपल सुमित्रा चंदेल, स्कूल स्टाफ, वार्ड मेंबर रामू यादव और रमेश मीणा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, ठेकेदार श्री राम चौधरी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। नांदी कम्युनिटी वाटर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर धनराज मीणा ने ग्रामीणों को स्वच्छ जल के महत्व के साथ-साथ रह तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में नांदी टीम से सुरेश मीणा, तथा तकनीकी टीम श्रवण और राजू भी मौजूद रहे। ग्रामवासियों ने नांदी और सनोफी संस्थान को इस सराहनीय पहल के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। स्वच्छ जल उपलब्ध होने से ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि इस केंद्र के माध्यम से अब उन्हें शुद्ध पेयजल आसानी से प्राप्त होगा।

# राधाकृष्णन शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने अध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए रामनाथ का किया भव्य स्वागत और सम्मान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन के पदाधिकारियों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रमगढा़ में कार्यरत अध्यापक पद पर से दिनांक 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए रामनाथ का बड़ी नगरिया वदरिका में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा के नेतृत्व में स्वागत और सम्मान किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा ने बताया कि सकुशल सेवानिवृत्त हुए रामनाथ अध्यापक का स्वागत और सम्मान प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चन्द, ब्लॉक मंत्री बच्चूसिंह, हरीओम, पूरनसिंह, मोहन प्रकाश, नन्द किशोर लोधी आदि सभी पदाधिकारियों ने मिलकर के साफा और माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह के रूप में बैग,पेड आदि भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रमगढा़ के प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में क्रमिक रूप से कार्य और पद की सीढ़ियां चलती रहती है। अध्यापक के पद पर रहते हुए रामनाथ ने अपने जीवन में सरकारी सेवा के साथ सामाजिक सेवाएं लगन और मेहनत से की है। ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चन्द ने कहा कि इनकी सेवाएं अविस्मरणीय है। सरल और सौम्य स्वभाव वाले रामनाथ



अध्यापक ने समय की पाबंदी के साथ राजकीय सेवाएं पूर्ण की है। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा ने कहा कि राजकीय सेवा में रहकर व्यक्ति में अद्भुत निखार आ जाता है। वह जीवन की हर तरह की परिस्थितियों से सीखता हुआ आगे बढ़ता है। कार्मिक 60 साल की उम्र तक अमूल्य अनुभवों से परिपूर्ण हो जाता है। ये सबके लिए एक प्रेरणा के स्रोत बनते हैं। अतः इनसे अनुभव लाभ और ज्ञान आदि का अर्जित करना चाहिए। इस अवसर पर भीकम सिंह त्यागी, मोहनप्रकाश, हरीओम, पूरनसिंह , रामवीर सिंह त्यागी, नन्द किशोर लोधी, बच्चूसिंह ब्लॉक मंत्री, दिनेश चन्द ब्लॉक अध्यक्ष, अमित कुमार एवं परिवारीजन उपस्थित रहे।

# धौलपुर सदर थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम द्वारा अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

**एक अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर 5 अवैध देशी कट्टा सहित गिरफ्तार, आरोपी था अवैध हथियारों की तस्करी की फिराक में**

**आरोपी के खिलाफ पूर्व में थाना मनियां पर हत्या, हत्या के प्रयास के संगीन मामले है दर्ज**

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा आरपीएस के पर्यवेक्षण में एवं वृताधिकारी वृत शहर धौलपुर कृष्णराज जांगिड़ आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी महेश मीणा उप निरीक्षक के नेतृत्व में थाना सदर धौलपुर पुलिस एवं डीएसटी प्रभारी घनश्याम सिंह उप निरीक्षक के निर्देशन में गांव चांदपुर के



पास रेलवे लाइन पर हथियारों की तस्करी की फिराक में खड़े अनूप सिंह पुत्र रामखिलाडी जाति गुर्जर उम्र 26 साल निवासी चपरौली थाना मनियां हाल निवासी ओडेला रोड़ जिरौली थाना निहालगंज जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया है। मुल्जिम के कब्जे से पांच अवैध देशी कट्टा 315 को जप्त किया जाकर प्रकरण धारा आयुध अधिनियम में दर्ज कर जप्त अवैध देशी पांच कट्टा के बारे में पीसी रिमांड प्राप्त कर गहनता से अनुसंधान जारी है।

# राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन लक्ष्मणगढ़ में होगा आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन 19-20 दिसम्बर 2025 को लक्ष्मणगढ़ (जिला अलवर) में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय इस सम्मेलन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधि भाग लेंगे तथा शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रभान चौधरी ने बताया कि लक्ष्मणगढ़ में होने वाले सम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव होंगे। साथ ही ग्रह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, तिजारा विधायक बाबा बालक नाथ, महुवा विधायक राजेन्द्र मीना, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीना, पार्टी प्रवक्ता पंकज मीना, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर के प्राध्यापक डॉ. सुन्दर सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह तथा सांगानेर के डॉ. राजीव शर्मा एवं राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) के मुख्य संरक्षक पंडित गिरिराज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आज अतिथियों को आमंत्रित करने हेतु पंडित




गिरिराज शर्मा, जिला अध्यक्ष अलवर राधेश्याम, शीशराम गुर्जर, जितेन्द्र चौधरी तथा विशाल सैनी ने भेंट की। अतिथियों ने सम्मेलन में निश्चित रूप से उपस्थित होकर शिक्षकों की बात राज्य सरकार के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि आर.जी.एच.एस. प्रकरण में पीड़ित साथियों तथा बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक साथियों से विशेष आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पहुँचे, ताकि उनकी समस्याओं और मांगों को सार्वजनिक मंच से सरकार के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जा सके।

# शिक्षा आपके द्वार अभियान हुनर शक्ति फाउंडेशन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)** जिले में महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विरोधा धौलपुर में दिनांक 09/12/2025 दिन मंगलवार को हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था के द्वारा शिक्षा आपके द्वार अभियान के अंतर्गत बच्चों को साइबर जागरूकता कार्यक्रम आर्टिफिशल इंटेलिजेंस एवं करियर काउंसलिंग सेशन का सफल आयोजन किया गया।संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना और उनके भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन एवं फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से की गई। विशेषज्ञ वक्ताओं विनोद चौहान ने छात्रों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, साइबर क्राइम से बचाव के तरीके, सोशल मीडिया पर सतर्कता और ऑनलाइन फ्रॉड की पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से प्रश्न पूछकर विषय को समझा। संस्था सचिव नीरज झा के द्वारा करियर काउंसलिंग सेशन में विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कौशल विकास और आने वाले समय में बढ़ती रोजगार संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया गया। काउंसलर ने छात्रों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार सही क्षेत्र चुनने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने इस पहल की सराहना करते हुए हुनर शक्ति फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सही दिशा भी प्रदान करते हैं कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विद्यालय से प्रधानाचार्य ऋषि कुमार अग्रवाल मुनेस समस्त स्टाफ एवं व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षक अनीता शर्मा एवं गुड्डू मीना उपस्थित रहे।

# तीन माह से वेतन भुगतान लंबित, कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार ‘

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** ‘तीन माह से वेतन भुगतान लंबित, कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार ‘ धौलपुर जिले के रिस्फ इंटर प्राइवेट लिमिटेड मैन पावर के अंतर्गत थर्मल पावर प्लांट के इलेक्ट्रिकल विभाग में कार्यरत कर्मचारियों ने आज जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपकर सितंबर, अक्टूबर एवं नवंबर माह के लंबित वेतन को जल्द से जल्द जारी करने की मांग की। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले तीन महीनों से वेतन भुगतान नहीं होने के कारण उन्हें परिवार के भरण-पोषण में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अनेक बार मौखिक रूप से शिकायत करने के बावजूद अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से तत्काल प्रभाव से समस्या का समाधान कर तीन माह के लंबित वेतन का भुगतान कराने की विनती की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन पर इलेक्ट्रिकल विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं। कर्मचारियों ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद जताई है ताकि सभी श्रमिक सम्मानपूर्वक अपने परिवार का पालन कर सकें।



# कांग्रेसी नेता एडवोकेट सत्यवान सिंह गुर्जर के पिता रामेश्वर दयाल पटवारी का निधन, सर्व समाज में शोक की लहर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** कांग्रेसी नेता एवं एडवोकेट सत्यवान सिंह गुर्जर के पिता (नगर वाले) स्वर्गीय रामेश्वर दयाल पटवारी का रविवार को जयपुर निवास पर 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व उनका हार्ट का ऑपरेशन हुआ था, जिसके बाद से वे अस्वस्थ चल रहे थे। रविवार दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। बाद में उनके पार्थिव शरीर को धौलपुर लाया गया, जहां चंबल मुक्ति धाम पर हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय रामेश्वर दयाल पटवारी सरकारी महकमे में पटवारी पद पर कार्यरत रहे और धौलपुर ज़िले के कई क्षेत्रों में सेवाएं दीं। ईमानदार छवि, कर्तव्यनिष्ठा और सरल व्यवहार के कारण उन्होंने सरकारी सेवा में एक अलग पहचान बनाई। पदोन्नति के बाद वर्ष 2010 में गिरदावर के पद से वे सेवानिवृत्त हुए। उनकी सादगी, मधुर वाणी और हमेशा मुस्कुराते हुए मिलने की आदत ने उन्हें सर्व समाज में लोकप्रिय बना दिया था। लोग कहते हैं कि उनकी मुस्कान और विनम्र व्यवहार आज भी सबके दिलों में बसी हुई है। स्वर्गीय पटवारी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी तीन पुत्रियाँ - कमलेश खटाना, नीतू सिंह, निशा लोमोड़ तथा दो पुत्र - कांग्रेसी नेता एडवोकेट सत्यवान सिंह गुर्जर और डॉक्टर अरविंद सिंह (सरकारी डॉक्टर) हैं।



बहू, नाती-नातिन और अन्य परिजन शोकाकुल हैं। सोमवार को उनके पैलेस रोड स्थित निवास पर रखी गई श्रद्धांजलि सभा में मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री ऐदल सिंह कंसाना के सुपुत्र बंकू कंसाना, भाजपा नेता एवं धौलपुर विधानसभा प्रत्याशी डॉ. शिवचरण सिंह कुशवाहा, धौलपुर के पूर्व प्रधान मोनू जादौन, भाजपा नेता मुकेश सक्सेना, गुर्जर समाज के नेता एडवोकेट जंडेल सिंह गुर्जर सहित अनेक सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों तथा दूर-दराज़ से आए ग्रामीणों ने पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नियमित बैठक उनके निवास पर जारी रहेगी।

# सचिव रेखा यादव ने जिला कारागृह व लीगल एड क्लिनिक का साप्ताहिक निरीक्षण किया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव एवं प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी ने संयुक्त रूप से जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लिनिक का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने प्रिजन लीगल एड क्लिनिक में नालसा द्वारा जारी एसओपी के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों से उनके प्रकरण, अपील, जमानत,



आगामी पेशी की तारीख एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली तथा विचाराधीन बंदियों से अलग-अलग बातचीत कर उनके मुकदमों की प्रगति पर संतोष जताया। एक बंदी द्वारा घर पर बात न हो पाने की शिकायत पर जेल अधीक्षक को नियमानुसार फोन सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सचिव ने बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता एवं नालसा की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी, विशेषकर उन बंदियों से संवाद किया जिनकी जमानत हो चुकी है पर जमानती न होने से वे जेल में निरुद्ध हैं। निरीक्षण के दौरान मेडिकल वार्ड, रसोईघर और रोटी बनाने की मशीनों की भी जांच की गई। सब्जी में तेल अधिक होने पर सचिव ने कम तेल-मसाला उपयोग करने के निर्देश दिए। महिला बंदियों हेतु पौष्टिक भोजन, बच्चों के लिए दूध, शिक्षा, साफ-सफाई, दवा व्यवस्था तथा सर्दी को देखते हुए रजाई-गद्दे उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर ट्रेनी न्यायिक अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा सहित कारागृह स्टाफ एवं बंदी मौजूद रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
10 दिसम्बर, 2025

# भजनलाल शर्मा आज प्रदेश में विकास का एक नया अध्याय लिखेंगे

**प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के लिए जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर को शानदार तरीके से राजस्थानी लोक में सजाया गया, आज 1 लाख करोड रुपए के होंगेसमझौते, देश और दुनिया के दिग्गज प्रवासी राजस्थानी रहेंगे मौजूद, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का होगा संबोधन, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और कई अन्य केंद्रीय और राजस्थान सरकार के मंत्री भी रहेंगे मौजूद, राजस्थान और पंजाब के राज्यपाल भी कार्यक्रम में रहेंगे उपस्थित**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल आज राजस्थान के विकास के एक नए अध्याय की पटकथा खुद अपने हाथों से लिखने जा रहे हैं इस पटकथा का आनंद आने वाले दिनों में राजस्थान की जनता को तो मिलेगा ही इसके अलावा प्रदेश के सर्वांगीण विकास को भी जोरदार तरीके से गति मिलेगी जिसमें राजस्थान में ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होने से प्रदेश के बेरोजगारों और उनके परिवारों में खुशी का माहौल भी कायम होगा क्योंकि आज प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में करीब 1 लाख करोड रुपए के समझौते होने की बात कही जा रही है इसलिए आज का दिन प्रदेश की जनता के लिए काफी यादगार बनने जा रहा है प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के लिए सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जिबिशन कन्वेंशन सेंटर को राजस्थान लोक शैली में शानदार तरीके से सजाया गया है ताकि कार्यक्रम स्थल को देखकर ही प्रवासी राजस्थानियों के दिल में अपनी माटी के प्रति प्रेम जागृत हो जाए समारोह की सभी तैयारी कंप्लीट कर ली गई है सुरक्षा के कड़े प्रबंध भी किए गए हैं और इस समारोह में भाग लेने आने वाले सभी प्रवासी राजस्थानियों के खाने-पीने ठहरने की शानदार व्यवस्था की गई है खाने-पीने में भी राजस्थानी व्यंजनों को ज्यादा शामिल किया गया है इसके अलावा आने वाले मेहमानों को प्रमुख पर्यटन स्थलों को घूमने की भी अच्छी व्यवस्था की गई है घ जानकारी के अनुसार राजस्थान सरकार के 2 साल पूरे होने को है प्रदेश सरकार काफी उत्साहित और एक्टिव मोड में तो पहले से ही नजर आ रही है आज जिस तरह से प्रवासी राजस्थान कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है उससे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सरकार से जुड़े सभी लोगों के चेहरे काफी खिले हुए हैं क्योंकि आज का यह कार्यक्रम राजस्थान की जनता और राजस्थान के विकास के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होने वाला है इस कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन विभाग की ओर से देश और विदेश के मेहमानों के लिए सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजस्थानी लोकगीत संगीत घूमर नृत्य तमाम तरह की परिस्थितियों राजस्थानी कलाकारों की ओर से प्रस्तुत






की जाएगी । इस समारोह में पर्यटन, खनन, ऑटोमोबाइल, पेट्रोकेमिकल, चिकित्सा, शिक्षा , कृषि ,वस्त्र ,उद्योगों, सौर ऊर्जा इत्यादि क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर समझौते होने की बात कहीं जा रही है।

## उद्योग जगत की कई हस्तियां कार्यक्रम में होंगी शामिल

प्रवासी राजस्थानी कार्यक्रम में राजस्थान के कई बड़े उद्योगपति शामिल हो रहे हैं उद्योग जगत की कई हस्तियां यहां अपनी उपस्थिति दर्ज करवायेंगी उद्घाटन सत्र में देश के उद्योग क्षेत्र के प्रमुख हस्तियां वेदांत समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पिरामल ग्रुप के अध्यक्ष अजय पीरामल, टाटा पावर के सीईओ और प्रबंध निदेशक भी शामिल होंगे यह सभी राजस्थान में निवेश औद्योगिक अवसरों तथा राजस्थान सरकार के सुधारो पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे ।

## 1 लाख करोड़ के समझौते के साथ बहुत कुछ सौगात मिलने की उम्मीद

प्रवासी राजस्थानी दिवस कार्यक्रम में 100000 करोड रुपए के नए निवेश की ग्राउंड ब्रेकिंग की जाएगी इसके साथ ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट 2024 के बाद से धरातल पर उतरी टोटल परियोजनाओं के बारे में भी राजस्थान के मुख्यमंत्री आज के संबोधन में विस्तार से जानकारी देंगे और यह बताएंगे कि किस तरह से राजस्थान में इन्वेस्ट करने के लिए देश और दुनिया के बड़े-बड़े उद्योगपति आकर्षित हो रहे हैं सरकार की उपलब्धियां को दर्शाने वाली प्रदर्शनी भी कार्यक्रम स्थल पर प्रगति पथ के नाम पर स्थापित की गई है कमिटमेंट इन एक्शन नामक कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन होगा कार्यक्रम में देश-विदेश में उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित भी किया जाएगा इस कार्यक्रम का समापन मुख्य सचिव श्रीनिवास के संबोधन से होगा इसके अलावा कार्यक्रम की संस्कृति के रंग भी दिखेंगे यहां पारंपरिक राजस्थानी नृत्य घूमर कालबेलिया की भी प्रस्तुति होगी ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रभावी भाषण पर सब की रहेगी नजर

प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से प्रस्तुत किए जा रहे भाषण पर सबकी नजर टिकी हुई है खासतौर से प्रवासी राजस्थानी मुख्यमंत्री शर्मा के प्रभावी भाषण सुनने को लेकर काफी आतुर हैं क्योंकि अपने भाषण में मुख्यमंत्री शर्मा एक तरफ जहां राजस्थान सरकार की ओर से इन्वेस्टरों को प्रेरित करने के लिए जो नए-नए कदम और जो नई-नई नीतियां बनाई है उनके बारे में जानकारी देंगे इसके अलावा राजस्थान सरकार की ओर से प्रवासी राजस्थानियों के हितों की रक्षा करने के लिए और प्रवासी राजस्थानियों की सभी तरह की समस्याओं के निवारण के लिए प्रवासी राजस्थान विभाग की भी स्थापना की है इस विभाग के बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा विस्तार से जानकारी देकर यह बताने का प्रयास करेंगे कि अब किसी भी तरह की कोई भी दिक्कत राजस्थान में प्रवासी राजस्थानियों के सामने नहीं आएगी इसके अलावा राजस्थान में औद्योगिक माहौल तैयार करने के लिए सरकार की ओर से नई पर्यटन नीति नई उद्योग नीति और जो तमाम तरह की नई-नई योजनाएं और नीतियां तैयार की गई हैं उन सब के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा अपने भाषण में विस्तार से बताने वाले हैं इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा अपने भाषण में राजस्थान में पर्यटन, खनन, उद्योग ,सौर ऊर्जा, चिकित्स, शिक्षा, कृषि, पेट्रोकेमिकल ,वस्त्र उद्योग इत्यादि सभी क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं बताकर प्रवासी राजस्थानियों को यह भरोसा दिलाने का प्रयास करेंगे कि राजस्थान में इन्वेस्ट करने से उन्हें किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होगा क्योंकि राजस्थान में वर्तमान में सड़क, पानी, बिजली , परिवहन सभी तरह की समुचित व्यवस्था है इन्वेस्ट करने वालों के लिए सरकार ने कई तरह की सुविधा भी उपलब्ध करवाई है इन सारी बातों का जिक्र मुख्यमंत्री शर्मा अपने भाषण में करने वाले हैं मुख्यमंत्री शर्मा आज के भाषण में प्रवासी राजस्थानियों को यह भी बताएंगे कि पूरे भारत में राजस्थान की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही है इसलिए राजस्थान में उनकी ओर से किए गए निवेश से उन्हें भी फायदा होगा और राजस्थान के विकास में उनकी भी सहभागिता सुनिश्चित होगी जिसकी वजह से वे अपनी जन्मस्थली को कर्म स्थली बनाकर प्रदेश के विकास को नई दिशा और गति दे सकते हैं ।

## *इस समारोह को यादगार और सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने काफी दौड़ धूप और मेहनत की*

*इसमें कोई संदेह नहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है पिछले कुछ महीनो से मुख्यमंत्री शर्मा इस कार्यक्रम को लेकर बिल्कुल अलर्ट नजर आए और उन्होंने सूरत, हैदराबाद, कोलकाता जैसे बड़े शहरों में जाकर प्रवासी राजस्थानियों से खुद मुलाकात की और राजस्थान में निवेश करने के लिए उन्होंने राजस्थान सरकार की ओर से की जा रही सभी तरह की तैयारी के बारे में भी गंभीरता से और प्रभावी तरीके से जानकारी दी इसी का नतीजा रहा की बड़ी संख्या में देश और विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम कमा रहे बड़े-बड़े प्रवासी राजस्थानी इस समारोह में आने के लिए तैयार हुए हैं और यहां पर निवेश के लिए भी काफी अतिरिक्त दिख रहे हैं । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत में ही नहीं बल्कि इंग्लैंड, जर्मनी और कई अन्य देशों की यात्रा करके भी वहां रह रहे प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान में निवेश के लिए प्रेरित करने के संदर्भ में उनके समक्ष प्रभावी तरीके से प्रस्तुतीकरण रखा इसलिए विदेश से भी बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे हैं ।*

# मोदी सरकार की नई सौगात: वी. सोमन्ना ने तिरुपति-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित रेल भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तिरुपति-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । तिरुपति-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस की शुरुआत से चार राज्यों–आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र–के बीच रेल संपर्क में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और कई दूरगामी लाभ होंगे। यह आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तटीय क्षेत्र से शिरडी के लिए श्रद्धालुओं के लिए पहली सीधी ट्रेन सेवा शुरू करती है। भारत के दो सबसे प्रमुख तीर्थस्थलों, तिरुपति और शिरडी को सीधे जोड़कर, यह सेवा तीर्थयात्रियों की सुविधा को बढ़ाती है। नई ट्रेन से तीर्थ पर्यटन को बढ़ावा मिलने मार्ग पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है। इसके अतिरिक्त यह यात्रियों को सुरक्षित आरामदायक और परेशानी मुक्त अंतर-राज्यीय यात्रा का विकल्प प्रदान करती है, जिससे तीर्थयात्रियों के समग्र रेल यात्रा अनुभव में सुधार होगा। एक नई साप्ताहिक ट्रेन तीर्थयात्रियों को लगभग 30 घंटे की यात्रा समय के साथ एक निर्बाध यात्रा



प्रदान करेगी। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री सोमन्ना ने तिरुपति-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस के शुभारंभ को चार राज्यों के श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल न केवल एक परिवहन माध्यम है बल्कि विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृतियों को जोड़कर देश की जीवन रेखा भी है। वी. सोमन्ना ने कहा कि तिरुपति और शिरडी अब एक सीधी ट्रेन से जुड़े हुए हैं, जिसके 31 स्टॉप नेल्लोर, गुंटूर, सिकंदराबाद बीदर, मनमाड आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवा तीर्थ पर्यटन संपर्क को बढ़ावा देगी और मार्ग तथा आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि यह नई ट्रेन महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, और सिकंदराबाद से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। अपने मार्ग में यह एक महत्वपूर्ण शिव मंदिर परली वैजनाथ को भी जोड़ेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 2014 के बाद से आंध्र प्रदेश में रेल अवसंरचना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि 2009-14 के दौरान आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का औसत रेल बजट 886 करोड़ रुपए था, जो 2025-26 में बढ़कर 9417 करोड़ रुपए हो गया है जो ग्यारह गुना वृद्धि है। राज्य में चल रही परियोजनाओं की लागत 93000 करोड़ रुपए से अधिक है। 2014 से आंध्र प्रदेश ने 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के साथ 1580 किलोमीटर नई पटरियाँ बिछाई हैं। राज्य में अब 73 अमृत स्टेशन हैं। उन्होंने 800 फ्लाईओवर और पुलों के निर्माण 110 लिफ्टों और 40 एस्केलेटरों की स्थापना के साथ-साथ 16 वंदे भारत और 6 अमृत भारत ट्रेन सेवाओं की शुरुआत का भी उल्लेख किया। वी. सोमन्ना ने बताया कि तिरुपति में भारतीय रेलवे 312 करोड़ रुपए मूल्य की तिरुपति अमृत स्टेशन सहित कई परियोजनाओं पर काम कर रहा है। प्रमुख निर्माणाधीन परियोजनाओं में 1215 करोड़ रुपए लागत की 105 किलोमीटर लंबी तिरुपति-पाकला-काटपाडी दोहरीकरण परियोजना 875 करोड़ रुपए लागत की 83 किलोमीटर लंबी गुडूर-रेनिगुंटा तीसरी लाइन और 5900 करोड़ रुपए लागत की 310 किलोमीटर लंबी नादिकुडी-श्रीकालहस्ती नई लाइन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 6235 करोड़ रुपए लागत की 287 किलोमीटर लंबी विजयवाड़ा-गुडूर तीसरी लाइन और 490 करोड़ रुपएलागत की 25 किलोमीटर लंबी येरपेडु-पुडी बाईपास लाइन पर भी काम चल रहा है। आंध्र प्रदेश सरकार के सड़क और भवन बुनियादी ढांचे और निवेश मंत्री श्री बी. सी. जनार्दन रेड्डी गारू इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए ।

# नेहरू ने वंदे मातरम के टुकड़े किए, इंदिरा ने जेल भेजा..; संसद में और क्या बोले अमित शाह ?

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** संसद में वंदे मातरम पर मंगलवार को बहस का दूसरा दिन था बीते दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत की थी जिसके बाद से देश में सियासी घमासान छिड़ गया है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी वंदे मातरम पर भाषण दिया था । गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि वंदे मातरम पर चर्चा की जरूरत वंदे मातरम जब बनी तब भी थी आजादी के आंदोलन में भी थी आज भी है और 2047 में जब महान भारत बनेगा तब भी रहेगी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि वंदे मातरम की पृष्ठभूमि में सदियों तक इस्लामी आक्रमण झेलकर इस देश की संस्कृति को कमजोर करने और अंग्रेजों द्वारा एक नई सभ्यता और संस्कृति थोपने का प्रयास का प्रतिकार था जिसके बाद बंकिम बाबू ने इसकी रचना की उन्होंने कहा कि मातृभूमि का बंधन प्रभु श्री राम ने भी किया आचार्य शंकर ने भी किया और चाणक्य ने भी किया मातृभूमि से बड़ा कुछ नहीं हो सकता इसी चितरंजन भाव को बंकिम बाबू ने पुनर्जीवित किया केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वंदे मातरम पर जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसके दो टुकड़े कर इसे दो अंतरों तक सीमित कर दिया वहीं से तुष्टिकरण की शुरुआत हुई अगर वंदे मातरम के दो टुकड़े कर तुष्टिकरण की शुरुआत नहीं होती तो देश का विभाजन भी नहीं होता उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के जब 100 साल हुए तब वंदे मातरम बोलने वालों को इंदिरा जी ने जेल में डाल दिया आपातकाल लगाया गया विपक्ष के लोगों को सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में भर दिया गया अखबारों पर ताले लगा दिए गए पूरे देश को बंदी बनाकर रख दिया गया । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में इस सदन में वंदे मातरम गायन को बंद कर दिया गया 1992 में भाजपा सांसद राम नायक ने वंदे मातरम को फिर से गाने की शुरुआत करने का विषय उठाया उसे समय नेता प्रतिपक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने लोकसभा के स्पीकर से कहा कि इसका गायन सदन में होना चाहिए ।

# भजन लाल शर्मा भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस को लेकर अटल: जल जीवन मिशन में 6 अफसर पर जांच के आदेश



**6 वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम की धारा 17 ए के तहत विस्तृत जांच के आदेश**

## क्या है मामला ?

जल जीवन मिशन के तहत टेंडर प्रक्रिया में टेक्निकल और फाइनेंशियल इवैल्यूएशन कमेटी में गड़बड़ी के आरोप सामने आए थे टेंडर के कार्य में मिली भगत और फर्जीवाड़ा उजागर हुआ था इसी को लेकर मुख्यमंत्री ने कड़ा कदम उठाते हुए चीफ इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सुप्रिडेंटिंग इंजीनियर, टेक्निकल मेंबर और सेक्रेट्री लेवल ऑफिसर पर भी कार्रवाई को मंजूरी दी है सरकार का कहना है कि देशों को किसी भी कीमत में नहीं बक्शा जायेगा इन सभी पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 के तहत जांच होगी यह धारा सरकारी अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच के लिए विशेष प्रावधान करती है जल जीवन मिशन केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल से जल पहुंचना है इस योजना में हजारों करोड रुपए का निवेश होता है ऐसे में निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी न केवल विकास कार्यों को प्रभावित करती है बल्कि जनता के विश्वास को भी चोट पहुंचती है ।

## आईएएस अधिकारी पर भी नई जांच

भजनलाल सरकार ने एक अन्य भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के खिलाफ भी अखिल भारतीय सेवाएं वर्गीकरण अनुशासन एवं अपील नियम 1969 के नियम 8 के तहत नई जांच कार्रवाई शुरू करने का अनुमोदन किया है यह कदम सरकारी दायित्व को निर्वहन में गड़बड़ी के आरोप के आधार पर उठाया गया है ।

## पुराने दंड यथावत, रिव्यू याचिका खारिज

राजस्थान सिविल सेवाएं वर्गीकरण नियंत्रण और अपील नियमों के 34 के तहत पांच अधिकारियों की रिव्यू याचिका को खारिज कर दिया गया है इसका मतलब यह है कि पहले दी गई सजा को बरकरार रखा जाएगा इसके अलावा सीसीए नियम 16 के तहत 2 सेवानिवृत अधिकारियों के खिलाफ प्रमाणित जांच निष्कर्ष को भी मंजूरी दी गई है ताकि आगे दंडात्मक कार्रवाई हो सके।

## भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का संदेश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफ किया है कि जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी सरकार का लक्ष्य है कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे और इस मिशन में पारदर्शिता बनी रहे एसीबी और प्रवर्तन निदेशालय की जांच के साथ राज्य सरकार की यह कार्रवाई भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूत करती ।

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्र की मोदी सरकार की तरह ही प्रदेश में भजनलाल सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाते हुए अपना कार्य कर रही है यही वजह है कि पिछले 2 साल में प्रदेश सरकार के किसी भी मंत्री और भाजपा के विधायक पर भ्रष्टाचार जैसी कोई शिकायत सामने नहीं आई इसके अलावा प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों को पूरी आजादी दी हुई है जिसके फल स्वरुप प्रदेश में रोजाना कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे लोगों की गिरफ्तारी भी की जा रही है मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक और बड़ा निर्णय लेते हुए बहुचर्चित जल जीवन मिशन घोटाले में 6 वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम की धारा 17 के तहत विस्तृत जांच और अनुसंधान की अनुमति दी है यह कदम भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और परिवर्तन निदेशालय की चल रही जांच के बीच उठाया गया है ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# किसान सभा द्वारा चल रहा धरना वार्ता के बाद स्थगित

### किसानों के संघर्षो की हुई जीत, मुंग व मूंगफली की तुलवाई शुरू



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** मुंग व मूंगफली की एमएसपी पर तुलवाई शुरू करने व रजिस्ट्रेशन पोर्टल शुरू करने की माँग को लेकर तारानगर के कृषि उपज मंडी में अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में चल रहे धरने ने छटे दिन मंगलवार को उग्र रूप रूप ले लिया उपस्थित सैकड़ों किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। लगभग शाम 3 बजे उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से वार्ता कर मुंग व मूंगफली की तुलवाई शुरू करवाई। तुलवाई शुरू करने के बाद किसानों ने धरना स्थगित किया। अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य कमेटी निर्मल कुमार ने बताया कि आज किसानों की जीत हुए। सरकार के लोगों ने किसानों के साथ अत्याचार करने में कोई कमी नहीं छोडी है लेकिन किसानों ने भी संघर्ष में कोई कमी नहीं रहने दी। इस मोके पर उमराव सिँह, रामस्वरूप सहारण, विक्रम सोनी, जीताराम जांदू, बीरबल ज्याणी, शीशपाल, धीनवाल, चिमनाराम पांडर, ताराचंद कस्वां, अमर चंद पेन्सिया, मनोज कस्वां, मुकेश सोनी, किशन शर्मा, कुंदन बरोड़ सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# कार्यकाल पूर्ण होने पर किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** पंचायत समिति प्रधान व पंचायत समिति सदस्यों के पांच साल का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर पंचायत समिति परिसर में तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया के मुख्यतिथ्य में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विधायक बुड़ानिया ने प्रधान संजय कस्वां सहित पंचायत समिति सदस्यों का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक बुड़ानिया ने कहा कि पांच साल में हमारी टीम ने ईमानदारी से कार्य किया है पार्टी बाजी को छोड़कर सबके हित में काम किया है हमारे सदस्यों पर कोई. किसी भी तरह का आरोप नहीं लगा सकता। प्रधान संजय कस्वां ने कहा हमने व हमारी टीम ने विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया के नेतृत्व में बहुत अच्छे कार्य किये है हमने किसी के साथ भेदभाव वाला कार्य नहीं किया है, हमारी कार्यशैली पर कोई ऊँगली नहीं उठा सकता। इस मोके पर सादुलपुर पूर्व विधायक कमला कस्वां, जिप सदस्य विमला कालवा, मोहरसिंह ज्याणी, हरिसिंह बेनिवाल, लीलाधर सहारण, संतोष मेघवाल, सुनील मेघवाल, उमाशंकर शर्मा, मोहनलाल आर्य, वेद प्रकाश सहारण, मदनलाल पांड्या सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुनिल मेहरड़ा मेघवाल महासभा के नए जिलाध्यक्ष नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निसं.)।** मेघवाल महासभा ने संगठन विस्तार, सामाजिक जागरूकता और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सीकर जिले का नया जिलाध्यक्ष सुनिल महरड़ा पुत्र हरिराम महरड़ा , निवासी छाजा की नांगल, बोपिया को नियुक्त किया है। जो वर्तमान में छाजा की नांगल पंचायत के सरपंच भी है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार जूली द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि सुनिल मेहरड़ा ने समाजसेवा, शिक्षा-प्रोत्साहन, ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। समाज के प्रति उनकी निष्ठा और जनकल्याण के कामों को देखते हुए ही उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नए जिलाध्यक्ष सुनिल मेहरड़ा ने महासभा का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में शिक्षा, रोजगार, सामाजिक एकता और युवा सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों को नए उत्साह के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मेहरड़ा की नियुक्ति का स्वागत किया तथा भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में मेघवाल महासभा सीकर जिले में और अधिक मजबूत, सक्रिय और संगठित रूप से कार्य करेगी।



# एसडीएम को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर क्षेत्र में एसआईआर कार्यक्रम का सौ प्रतिशत डिजीटाईजेशन कर चूरू जिले में तारानगर प्रथम स्थान रहने पर कस्बे के समाज सेवी भामाशाह अमर सिँह चारण ने गुलदस्ता भेंट कर एसडीएम राजेंद्र को सम्मानित किया। चारण ने कहा कि एसडीएम राजेंद्र कुमार ने लग्न व मेहनत कर तारानगर का नाम जिले में प्रथम स्थान पर लाये है जो अपने आप में बेमिसाल है बात है। चारण ने राजेंद्र कुमार के उज्जवल भविष्य कि कामना की।



# पंचायत समिति में 81 लाख की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ सहित अनेक भाजपा नेताओं ने की शिरकत

### पंचायत समिति के पांच साल का कार्यकाल पूरा होने पर रखा सम्मान समारोह

### प्रधान निर्मला राजपुरोहित ने पंचायत समिति में नवनिर्मित मीटिंग हॉल, पार्क व जिम की दी सौगात



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति परिसर में प्रधान निर्मला राजपुरोहित नें 81 लाख के विभिन्न विकास कार्य करवाएं गए। जिनमें मुख्यत: परिसर में 20 लाख की लागत से पार्क व 2 ट्यूबवेल निर्माण, 28 लाख की लागत से सभागार हॉल, 15 लाख की लागत से 3 कमरों का निर्माण, 3 लाख की लागत से शुलभ काम्प्लेक्स, 15 लाख की लागत से इंटरलोक निर्माण जैसे विकास कार्य शामिल है। प्रधान राजपुरोहित द्वारा करवाएं गए विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सारण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी, पूर्व प्रधान भैरोसिंह राजपुरोहित, डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, भूमि विकास बैंक चेयरमैन ईश्वरराम डूडी, जिप सदस्य गिरधारीलाल पारीक, सरपंच राजेन्द्र सिंह छाजूसर सहित भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों नें किया। लोकार्पण करने पहुंचे भाजपा नेताओं का कार्यक्रम में पहुंचने पर बैंड-बाजे बजाकर व पुष्प वर्षा की और पधारे हुए सभी अतिथियों का साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ नें कहा की प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित की प्रसंशा करते हुए कहा की गांवो में मुझे कुछ लोग मिले थे तो कह रहें थे कि आगे प्रधान जी का काफिला चल रहा है और पीछे शिलापट्टो से भरी गाड़ी चलती है। 41 करोड़ के लोकार्पण एक साथ कर पंचायत समिति में एक नया आयाम स्थापित किया। साथ ही राठौड़ ने मधुसूदन राजपुरोहित को 5 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल की बधाई भी दी। चूरू विधायक हरलाल सारण ने कहा की भजनलाल सरकार किसानों के हित में समर्पित है और किसानों से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा की पांच वर्ष पहले जो आप लोगों ने हमें प्रधान की जिम्मेदारी दी थी उसका ईमानदारी से निर्वहन किया और गरीब को गणेश मानकर क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य करवाएं। साथ ही राजपुरोहित नें कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण, दुर्गा मेघवाल, पस सदस्य रामनिवास पारीक, गिरधारीलाल पारीक, हिरालाल बैनीवाल, दशरथ सिंह राठौड़, एड. श्योकरण पोटलिया, मंडल अध्यक्ष मुकेश भामा, राजवीर सिंह राठौड़, दीपक शर्मा, इंद्रसिंह आसासर, भाजयुमो नगर महामंत्री गुरू धानका, एलडी दानोदिया, जाकिर खोखर, संजय सुथार, सुनील मिश्रा, नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित निरंजन धानका, भरत शर्मा, श्रीराम प्रजापत, सतपाल मेघवाल सहित सेंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# महर्षि के जन्म दिवस को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने का लिया निर्णय

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निसं.)** भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र से राजलदेसर मण्डल की ओर से 20 दिसंबर को पुर्व विधायक भाजपा नेता अभिनेष महर्षी के जन्मदिन को समर्पण सेवा के रूप में मनाने हेतु श्री युनियन क्लब अतिथी भवन में रखा गया। बैठक में आगामी 20 दिसम्बर 2025 को पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के जन्म दिवस को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय हुआ 7 जिसके अन्तर्गत 19 दिसम्बर को राजलदेसर मण्डल की ओर से श्रीनाथ नगर गौशाला में गायों को गुड़ व लापसी वितरण की जायेगी । बैठक में पुर्व प्रधान संतोंष तालणीया, दिनदयाल पारीक, हिम्मत सिंह मालासी, भागीरथ सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में बैठक आयोजित की गई। जिसमें 20 दिसम्बर को अधिक से अधिक संख्या में रतनगढ जाने की चर्चा की गई। पुर्व पालिका अध्यक्ष गोपाल मारू ने कहा रतनगढ़ के पोद्दार गेस्ट हाउस में महर्षि के जन्म दिवस पर आयोजित विशाल जनसभा में जिले भर से भाजपा नेता शामिल होगें 7 पवन बोथरा जिला प्रवक्ता ने कहा पूर्व विधायक महर्षि का जन्म दिवस हर वर्ष भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुरे जोश व उमंग के साथ मनाया जाता है 7 इस बार जन्म दिवस को यादगार बनाने के लिए सेवा संकल्प दिवस का नाम दिया गया है 7 क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्त्ता हाजारों की संख्या में जनसभा में एकत्रित होकर अपने नेता को जन्म दिवस की शुभकामनायें देगे 7 मण्डल अध्यक्ष विष्णु भगवान प्रजापत जन्म दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया है। खेमराज पारीक ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंच कर उसे जन्मदिन पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क किया जायेगा।इस अवसर पर पवन मारू,धनपत शर्मा, विमल छलानी, सुनिल प्रजापत, सुभाष बाल्मिकी, सावरमल खटीक,शीतल खण्डोलिया, राजेश गर्ग, गोपाल सोनी,मुकेश मारू, इन्द्रचन्द देवड़ा,अभय सोनी, भुनेश्वर शर्मा,भवानी मंत्री,उपस्थित ।

### निजी चिकित्सालय टीकाकरण की पोर्टल पर करें एंट्री

# जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने समीक्षा बैठक की। बैठक में निजी चिकित्सालयों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया। सीईओ श्वेता कोचर ने निजी चिकित्सालयों को टीकाकरण व संस्थागत प्रसव का पीसीटीएस पोर्टल पर पंजीयन करवाने तथा एंट्री करने के निर्देष दिये। उन्होंने पीसीटीएस पर टीकाकरण व संस्थागत प्रसव के गैप को दूर करने के निर्देष दिये। एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान निजी चिकित्सा संस्थान को 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के उच्च रक्तचाप व मधुमेह जांच करने तथा लाईन लिस्ट उपलब्ध करवाने के निर्देष दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया जिले में टीकाकरण का विषेष अभियान चलाया जा रहा हैं। बच्चों को बीमारियों से बचाव के लिये समय पर टीकाकरण आवष्यक हैं। उन्होंने बताया कि संस्थागत प्रसव के लिये भी सभी को आवष्यक दिषा -निर्देष दिये गये है। बैठक में टीबी कार्यक्रम के तहत निक्षय योजना तथा पोषण कीट वितरण के लिये निक्षय मित्र बनाने के लिये निर्देष दियें। बैठक में सभी ब्लॉक के बीसीएमओ, जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. वेदप्रकाष, डीपीएम संग्राम सिंह, एनसीडी जिला समन्वयक प्रेमषंकर शर्मा, डीएनओ हनुमान शर्मा व हेमराज शर्मा सहित बीपीएम, एलएचवी व ब्लॉक डीईओ मौजूद रहे।

# उदासर बीदावतान बस स्टैंड पर पुलिस की कड़ी कार्रवाई, वाहनों के काटे चालान, तेज रफ्तार रोकने को लगाए गए बैरिकेड



**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के गांव उदासर बीदावतान बस स्टैंड पर मंगलवार को भालेरी पुलिस ने चूरू-सरदारशहर मार्ग से आने-जाने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग की। भालेरी थाना अधिकारी मंगूराम के नेतृत्व में कॉन्स्टेबल रूपाराम व संदीप सिंह ने कार्रवाई करते हुए कुल 8 वाहन चालकों के खिलाफ चालान काटे। ग्रामीणों की मांग पर तेज रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए बेरीकेट भी लगाए गए हैं। दयाराम देहडू द्वारा लगाए गए इन बेरीकेट्स के बाद अब इस मोड़ पर वाहन तेज गति से नहीं दौड़ पाएंगे। सरपंच राजेंद्र सिंह छाजूसर व राकेश देहडू ने बताया कि यह मुख्य सड़क चूरू-सरदारशहर को जोड़ती है और अचानक मोड़ होने के कारण यहां कई हादसे हो चुके हैं। बैरिकेड लगने से अब दुर्घटनाओं पर नियंत्रण की उम्मीद है। थाना अधिकारी मंगूराम ने बताया कि क्षेत्र में समय-समय पर वाहनों की चेकिंग जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि इलाके में कोई भी व्यक्ति अवैध गतिविधियों में लिप्त पाया गया तो पुलिस को सूचित करें उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि भालेरी पुलिस एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत बदमाश प्रवृत्ति वाले लोगों पर लगातार नजर रख रही है। साथ ही हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर अपराधियों की फेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी को फॉलो करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की भी तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। पुलिस ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

# लायन्स क्लब द्वारा सर्दी के बचाव के लिए 150 जरुरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** लायन्स क्लब सरदारशहर डायमंड द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 4 सिलामपुरिया कुआं में 150 छात्र छात्राओं को गर्म स्वेटर वितरीत किए गए। क्लब मिडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि आर्थिक सौजन्य क्लब सदस्यों के सहयोग से स्कूल में 150 बच्चों को स्वेटर वितरीत किए गए। इस अवसर पर लायन अनिल गोयल, अध्यक्ष किशोर भारद्वाज, सचिव लायन सुशील भोजक, लायन घनश्याम बोचीवाल, महेंद्र माली, महेंद्र निर्वाण, डॉ दीप्ति भारद्वाज, सागर झेंडू, सुभाष जांगिड, विपिन गोयल, प्राचार्य सरोज पारीक, किरण जांगिड, सुबधा, कांता स्वामी, निर्मला मिश्र, अख्तर, भवानी शंकर, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संपतराम जांगिड ने किया।

# संतोष मेघवाल को बनाया नागौर देहात सह प्रभारी



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मद नसिंह राठौड़ के निर्देशानुसार बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल को नागौर जिले की देहात सह प्रभारी नियुक्त किया है। संतोष मेघवाल सुजानगढ़ विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ चुकी हैं और अब उनको संगठन में काफी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। संतोष मेघवाल की नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने खुशी जाहिर की है।

# 10 साल से फरार चल रहे आरोपी को जिला स्पेशल पुलिस किया गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** चूरू जिला स्पेशल पुलिस के प्रभारी हेडकांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह ने कार्रवाई करते हुए पिछले 10 साल से मारपीट मामले में फरार चल रहे आरोपी घड़सीसर निवासी 35 वर्षीय इस्माइल पुत्र जमालद्दीन व्यापारी को घड़सीसर गांव से गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल पुलिस टीम अब तक कुल करीब 330 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए चुरु पुलिस अधीक्षक जय यादव की ओर से हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगल सिंह की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। जिन्होंने मारपीट मामले में 10 साल से फरार चल रहे 35 वर्षीय स्माइल व्यापारी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

राजस्थान सरकार

## कार्यालय उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग जिला चूरू

आयकर कार्यालय के पास शेखावत कॉलोनी सड़क, चूरू (राजस्थान)

E-MAIL- daochuru@gmail.com dao.chu.ayu@rajasthan.gov.in Telephone No. 01562-250146

क्रमांक- स्टोर/आरोग्य मेला 2025 /4791 दिनांक:- 9/12/25

### खुली निविदा संख्या 15 / 2025

निदेशालय आयुर्वेद विभाग, अजमेर के पत्रांक प. 2 / लेखा - 1 / आरोग्य मेला / बजट / 2025-26/03829 दिनांक 29.10.2025 द्वारा जारी निर्देशानुसार संभाग स्तरीय आरोग्य मेला जिला चूरू मुख्यालय पर दिनांक 25.12.2025 से 28.12.2025 तक पुलिस लाईन ग्राउण्ड चूरु के पास आयोजित किया जाना है। मेले में आयुर्वेद, होम्यापैथी तथा यूनानी चिकित्सा पद्धतियों से निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जानी है के क्रय एवं आपूर्ति बाबत दिनांक 16.12.25 तक उप निदेशक आयुर्वेद विभाग चूरु द्वारा मोहरबन्द लिफाफों में बोलियाँ आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | विवरण | अनुमानित मूल्य | बिड प्रपत्र शुल्क (GST 18' सहित) | बोली प्रतिभूति घोषणा (2') | कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि (5') | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आयुर्वेद, हौम्यापैथी तथा यूनानी औषधियों का क्रय | रूपये 250000 /- लगभग | रू. 500 मात्र | 5000/- रूपये | 12500/- रूपये | 16.12.25 को प्रात: 11 बजे | 16.12.2025 को दोपहर 3 बजे |

**बिड की शर्ते -**

1. बिड प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बोलियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. बिड सील बंद लिफाफे में, जिसके ऊपर संबंधित बिड का विवरण प्रचार-प्रसार हेतु मुद्रण सामग्री की निविदा अंकित हो, कार्यालय उप निदेशक आयुर्वेद विभाग चूरु में दिनांक 16.12.25 को प्रात: 10 बजे तक पहुँच जानी चाहिए। प्राप्त बिड को दिनांक 16.12.25 को दोपहर 3 बजे उपस्थित बिडदाताओ या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष चूरु में खोली जायेगी।

(डॉ. सत्यवीर सिंह )
उप निदेशक

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
10 दिसम्बर, 2025

## कमालसर में स्काउट सेमीनार का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कमालसर में मंगलवार को एक दिवसीय स्काउट सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के दिवस का अप प्रदीप कुमार ईशरवाल ने छात्र-छात्राओं को स्काउटिंग की जानकारी प्रदान की वह अनेक रोचक क्लेप का अभ्यास करवाया इस अवसर पर संस्था प्रधान राजेंद्र सिंह ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ स्काउट की महत आवश्यकता बताई गई कार्यक्रम का संचालन रेहाना बानो ने किया इस अवसर पर बनवारी लाल प्राचार्य ,विजेंद्र कुमार, मुकेश सिंह, नसीम बानो,सांवरमल,राजीव कुमार, सुमेर, श्रवण कुमार आदी सभी उपस्थित रहे।

## प्रशासन की उदासीनता के चलते स्कूली बच्चों का रास्ता पार करना हुआ मुश्किल



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** कस्बे के वार्ड न017 में स्थित बाल भारती विद्या निकेतन एवं प्रजापति जीण माता मंदिर के रास्ते में नालियों के गन्दे पानी की निकासी न होने के कारण रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है ।स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चे इस रास्ते को पार करने के लिए अपने जूते-जुराबें निकालकर गिरते-पड़ते विद्यालय पहुचते हैं । मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को भी दर्शन करने के लिए इसी गन्दे पानी में से होकर गुजरना पड़ता है । शाला निदेशक राजेन्द्र सनोदिया ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी एवं नगरपालिका अध्यक्ष को कई बार मौखिक एवं लिखित शिकायत कर चुके हैं लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नही हुआ । मौहल्ले के सत्तार राईन,जगनलाल भोड़ीवाल, भादरमल कुल्फीवाला, सलीम रंगरेज, प्रमोद कटारिया, चुकीबाई, पल्लवी मिश्रा, पूनम मारवाल, राकेश सनोदिया,मुस्कान सनोदिया,रोशन मुन्ना धोबी, आकिब किलानिया,राकेश मीणा, अशोक कुमार,कोमल जांगिड़ आदि ने तुरंत इस समस्या के समाधान की अपील की है ।

## विद्युत श्रमिक संघ में बैठक में rghs मेडिकल लाभ राज्य सरकार की तर्ज पर करने के लिए चर्चा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** अजमेर विद्युत श्रमिक संघ उपखंड बैठक मंडावा में जिला सयुक्त महामंत्री भंवर लाल जांगिड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई । श्रमिक संघ की बैठक में जिला बैठक में जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि 26 दिसंबर को जयपुर में हुंकार रैली में झुंझुनू से सैकड़ों पदाधिकारी शामिल होंगे । मुख्यत मांगे में अनुकम्पा पर लगे सहायकों को लिपिक ऱद्धद्धह्य मेडिकल लाभ राज्य सरकार की तर्ज पर सहित 24 सूत्री मांगों के लिए प्रदर्शन होगा । जिसमें मंडावा उपखंड से अधिकतर सदस्यों से शामिल होने का निर्णय लिया । बैठक में जिला मंत्री सोमेश स्वामी उपखंड अध्यक्ष जयप्रकाश झाझडिया कार्यकारी अध्यक्ष देशराज उपाध्यक्ष राजवीर मिल मुकेश कुमार चंदन सिंह अभिषेक खेमानी सहित अन्य मौजूद रहे ।

## ग्राम कुमास के तीन बच्चों का माला साफ़ा व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** ग्राम कुमास के तीन बच्चों का INDIAN AIR FORCE में सलेक्शन.. और एक बच्चे का Army में सलेक्शन ईशवर सिंह शेखावत पुत्र सुगन सिंह, दिनेश सिंह पुत्र भागिरथ सिंह व ऋतिका कंवर d/o स्व आनन्द सिंह का सलेक्शन इंडियन एयरफोर्स में हुआ है तीनों बच्चों का सामान्य वर्ग में सलेक्शन होने पर राजपूत समाज ने आभार व्यक्त किया । आमिर खान पुत्र सलीम खान सिक्का का सलेक्शन होने के बाद ट्रेनिंग पुरी कर घर लौटने पर सम्मानित किया इस दौरान ग्रामीणों ने सम्मानित कर रैली निकाली इस दौरान पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास, महेश पुनिया, डॉ सुरेन्द्र पुनिया, किरोड़ीमल कटारिया,रघुवीर सिंह पुनिया, मदन सिंह शेखावत,सवाई सिंह, महेंद्र सिंह, ओंकार सिंह, राजेन्द्र सिंह,पवन सिंह,दलीप सिंह,मान सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रहलाद सिंह, चंद्रपाल सिंह, अरविंद सिंह, सुरेन्द्र सिंह,नाहर सिंह,सुगन सिंह, ओम सिंह,बनवारीलाल स्वामी, जयचंद कुमावत,शीशराम कटारिया, राकेश पुनिया,बजरंगलाल पुनिया, मुकेश पुनिया, पवन पुनिया, सुमेर पुनिया,अम्मीलाल कटारिया, कजोड़मल स्वामी,सुभाष स्वामी,बिरबल सिंह निर्वाण,पालाराम कुमावत,भागिरथ बेरवाल, श्यामलाल स्वामी, महेंद्र बेरवाल, अरविंद बेरवाल, अंकित पुनिया आदि ग्रामीण और युवा साथी मौजुद रहें ।

# हमारे देश की विकास यात्रा ग्रामीण विकास से ही संभव हो सकती है- वंदना आर्य

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** जिला परिषद् सभागार में मंगलवार को 'ग्राम स्वराज के 05 साल पुस्तिका' का विमोचन तथा जिला परिषद सदस्य, प्रधान व सरपंचों का अभिनंदन जिला प्रमुख वन्दना आर्य की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर, उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचन्द राहड़, संजय कस्वां, मोहनी देवी, विनोद पूनियां, निर्मला राजपुरोहित, पंकज गुप्ता, ओम सारस्वत, फतेहचन्द सोती, दौलत तंवर, सुभाष जांगिड़, जिला परिषद् सदस्य अनिता चौधरी, नौरंगलाल शिलू, राजकुमार सिहाग, मालीराम सारस्वत, ममता कंवर, कमला देवी, सुमन पूनियां, लोकराम, जगदीश प्रसाद, ममता सुण्डा, तिलोकाराम कस्वां, सुमन देवी, विमला कालवा, श्योकरण जाट, गिरधारी पारीक, दुर्गा मेघवाल, राकेश शर्मा, गोरीशंकर, नत्थूराम मेघवाल, औंकारमल प्रजापत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख वन्दना आर्य ने कहा कि ग्राम स्वराज भारत की लोकतांत्रिक परम्परा की आत्मा है। हमारे देश की विकास यात्रा ग्रामीण विकास से ही पूरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पंचायत राज प्रणाली के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं, परन्तु इन चुनौतियों का सामना करते हुए अगर हम अपनी भागीदारी निभाएं तो गांव का विकास होगा और गांव के विकास से देश विकसित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के साथ सामाजिक सुरक्षा, स्वच्छता, जल प्रबंधन, उत्तम स्वास्थ्य और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की परिकल्पना को साकार करने के लिए हम सब कार्य कर रहे हैं। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू जिला परिषद ने ग्रामीण विकास को गति देने का काम किया है। जिला प्रमुख वंदना आर्य के नेतृत्व में जिला परिषद द्वारा किए गए विकास कार्यों से ग्रामीण अंचल में नए आयाम स्थापित हुए हैं। उन्होने कहा कि चूरू जिला शुष्क प्रदेश माना जाता है। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि ग्रामीण जन भागीदारी एक नई ऊर्जा का संचार करती है। हमारे गांव हमारी प्रेरणा के स्रोत हैं। महात्मा गांधी ने कहा था कि जब तक गांवों का विकास नहीं होगा, तब तक देश का विकास नहीं हो सकता। सीईओ श्वेता कोचर ने कहा कि गांव हमारी सांस्कृतिक विरासत का आधार हैं। पिछले पांच वर्षो में जिला परिषद ने पारदर्शिता, जबाब देही और जन भागीदारी के साथ कार्य किया है और इसकी झलक पुस्तक में देखने को मिलेगी। इस मौके पर जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, पंकज गुप्ता, ओम सारस्वत व जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति प्रधान व अन्य उपस्थितों ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में 'आपणो चूरू ग्राम स्वराज के 05 साल' पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत शर्मा व रवि दाधीच ने किया।

कंज्यूमर वॉइस न्यायोत्सव

# अभियान के तीसरे चरण में निजी शिक्षण संस्थान भी आए आगे

### विद्यार्थी कर रहे हैं अपने अभिभावकों को जागरूक

### पहले चरण में बार एसोसिएशन व गणमान्य जन ने उठाया था उपभोक्ता जागरूकता का बीड़ा



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील द्वारा संचालित 30 दिवसीय 'कंज्यूमर वॉइस न्यायोत्सव' के तीसरे चरण के अंतर्गत उपभोक्ता अधिकारों की अलख विद्यार्थियों के माध्यम से हर घर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयोग अध्यक्ष मील ने बताया कि पहले चरण में जिला अभिभाषक संस्था व गणमान्य नागरिकों के सहयोग से शपथ दिलवाई गई थी, वहीं दूसरे चरण में जिले के राजकीय विद्यालयों के हजारों विद्यार्थियों ने एक साथ उपभोक्ता जागरूकता शपथ लेकर अभियान को नई ऊर्जा दी थी। अब तीसरे चरण में जिले की निजी शिक्षण संस्थाएं भी आगे आई हैं और उन्होंने स्वयं पहल करते हुए जागरूकता शपथ अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का उत्साह दिखाया है। विद्यार्थियों ने हर खरीद पर पक्का बिल लेने, मानक चिन्हित एवं गुणवत्ता युक्त उत्पाद पहचानने, गलत व्यापार प्रथाओं से सावधान रहने और किसी भी शिकायत की स्थिति में आयोग से न्याय पाने की प्रक्रिया को अपनाने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों को भी उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने का निश्चय किया, जिससे जागरूकता की यह श्रृंखला घर-घर तक पहुंचेगी। आयोग की ओर से जारी किए गए क्यूआर कोड एवं लिंक के माध्यम से कोई भी नागरिक ऑनलाइन शपथ लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है।

### टैक्स चोरी रुकेगी, विकसित भारत का सपना साकार होगा:

उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने कहा कि 'हर खरीद पर पक्का बिल लेने से देश में टैक्स चोरी पर रोक लगेगी। इससे सरकार को अधिक कर तथा राजस्व की प्राप्ति होगी, जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।' उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है, इसलिए विद्यार्थी जागरूक होगा तो देश जागरूक बनेगा। गौरतलब है कि पिछले 16 दिवस से उपभोक्ता जागरूकता शपथ कार्यक्रम अनवरत जारी है। मंगलवार को भी विभिन्न राजकीय व निजी शिक्षण संस्थाओं में बड़े पैमाने पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## राष्ट्र जागरण ज्योति अमृत कलश यात्रा संपन्न: मण्डावा परिक्षेत्र में नौ दिन बाद हुआ समापन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** मण्डावा में राष्ट्र जागरण ज्योति अमृत कलश रथ यात्रा का मंगलवार को समापन हो गया। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में एक सप्ताह से चल रही राष्ट्र जागरण ज्योति अमृत कलश रथ यात्रा का मंगलवार को समापन हो गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय जागरण, मानव कल्याण और समाज में सद्भाव का संदेश पहुंचाना था। आज यात्रा की शुरुआत ढाढ़णिया स्कूल के निकट आलोक कालोया के घर से नगर पालिका चौक, मुख्य बाजार होते हुए सुभाष चौक व बिसाऊ चौराहे से राय माता मन्दिर गांगियासर के लिए रवाना हुई । इस दौरान गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ पूजा-अर्चना के साथ की थी। यह रथ यात्रा कई ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरी। ग्रामीणों ने प्रत्येक पड़ाव पर रथ का स्वागत किया। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर देव स्थापना की गई। साथ ही, साहित्य, लेखन और संस्कार सामग्री का वितरण कर समाज में सद्बुद्धि, समरसता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। गायत्री परिवार के आलोक कालोया ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य परिवार और समाज में



व्याप्त दूषित वातावरण को शुभ संस्कारों के माध्यम से पवित्र बनाना और नई पीढ़ी में जागरूकता बढ़ाना था। इस यात्रा का सनातन स्कूल की प्राचार्य डॉ0 विद्या पुरोहित की अगुवाई में विद्यार्थियों पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम मे शिक्षाविद्व भोला सिंह, आलोक कालोया, सीमा देवड़ा, कौशल्या सैनी, मण्डावा कॉलेज प्राचार्य डॉ0 वंदना गोतम, मूलसिंह शेखावत, नरेन्द्र सिंह शेखावत, विजय चंदेलिया, श्रवण सैनी सहित अनेक धर्म प्रेमी उपस्थित रहे ।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ: पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण के लिए यज्ञ कुंड में दी आहुतियां

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में विश्व शांति, पर्यावरण संरक्षण, मानव कल्याण, मानव जीवन में सत प्रवृत्ति संवर्धन एवं दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन के लिए मण्डावा स्थित आलोक कालोया के आवास पर नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। मंगलवार को हुए यज्ञ का संचालन आचार्य पीठ से शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि राम गोपाल स्वामी ने किया। इस मौके पर स्वामी ने कहा कि आज मनुष्य का चिंतन चरित्र और व्यवहार विकृत हो गया है, इसलिए संसार में अवांछनीय घटनाएं घट रही है। विश्व में सारी समस्या का मूल कारण नैतिक पतन है। यज्ञ के माध्यम से मनुष्य के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन होता है। प्रारंभ में देव पूजन भोला सिंह ने किया। लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर महामृत्युंजय एवं गायत्री महामंत्र की आहुतियां दी। गायत्री परिवार प्रभारी आलोक कालोया ने बताया कि शांतिकुंज में अखंड दीपक के 100 वर्ष



पूर्ण होने एवं माता भगवती देवी शर्मा की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर तथा ज्योति रथ कलश यात्रा के अनुयाज कार्यक्रम के तहत मानव जीवन में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए यज्ञ की श्रृंखला चलाई जा रही है। यज्ञ में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने यज्ञ में आहुति देकर देश की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की । उक्त धार्मिक कार्यक्रम में प्रसिद्व व्यवसायी रामवतार देवड़ा, संघनिष्ठ सज्जनलाल शर्मा, सुभाष गाडोदिया, गोपाल देवड़ा, कांता - सुरेश देवड़ा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## करणी कृपा स्कूल मंडावा में छात्र संघ चुनाव बना आकर्षण का केंद्र, पूरे कैंपस में दिखा लोकतंत्र का रंग

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** फतेहपुर बायपास रोड स्थित करणी कृपा स्कूल में मंगलवार को छात्र संघ चुनाव बड़े ही उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुए। कैंपस का माहौल सुबह से ही चुनावी रंग में रंगा नजर आया। कहीं प्रतिभाशाली उम्मीदवारों के जोशीले भाषण, तो कहीं पोस्टरों व साथियों को जोड़ने की कवायद ने पूरे दिन को यादगार बना दिया। दोपहर में मतदान शुरू हुआ और शाम तक चलता रहा। छात्रों ने रिकॉर्ड संख्या में हिस्सा लेकर अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को चुनने के लिए बढ़-चढ़कर वोट किया, जिससे स्कूल में लोकतांत्रिक मूल्यों की झलक साफ दिखाई दी। स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशांत ने जानकारी दी कि स्कूल कैप्टन के पद पर अशरफ, हिना शेखावत, स्वाति सिंह और युवराज सिंह के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। चारों उम्मीदवारों ने अपने विज़न और योजनाओं से छात्रों को खासा प्रभावित किया।

### स्पोर्ट्स कैप्टन के लिए दो सक्रिय खिलाड़ी मैदान में

स्पोर्ट्स कैप्टन के लिए जागृति शेखावत और सचिन सिंह ने दमदार दावेदारी पेश की। दोनों ही खेल गतिविधियों के सक्रिय और लोकप्रिय चेहरे रहे। हेड गर्ल के चुनाव में अनुष्का और सोनल प्रजापत के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, जबकि हेड बॉय के लिए अब्दुला और प्रशांत सिंह के बीच दिलचस्प मुकाबला हुआ। सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय गुंजन जांगिड़ को कल्चरल हेड के लिए निर्विरोध चुना गया। इसी तरह स्टूडेंट मेंटर के पद पर जेनिफर खान निर्विरोध चुनी गईं, जो पढ़ाई में टॉपर होने के साथ नेतृत्व व मंच संचालन में भी निपुण हैं। दोनों के चयन पर छात्रों ने जोरदार तालियों से स्वागत किया।

### छात्रों में नेतृत्व और लोकतंत्र की समझ विकसित करना उद्देश्य

छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. दिशांत ने कहा कि छात्र संघ चुनावों का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक सोच और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी भविष्य में जिम्मेदार नागरिक, राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी बनेंगे, इसलिए समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया और सही मंच की पहचान समझना बेहद जरूरी है।

## युगप्रधान आचार्य तुलसी का दीक्षा शताब्दी वर्ष बना प्रेरणा का स्रोत

### मुनिकमल कुमार के सान्निध्य में गंगाशहर में हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**गंगाशहर(निसं.)।** युगप्रधान आचार्य श्री तुलसी के दीक्षा शताब्दी वर्ष के अवसर पर गंगाशहर में उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार के पावन सान्निध्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुनिश्री कमल कुमार ने अपने प्रवचन में कहा कि आचार्य श्री तुलसी मात्र कल्पनाकार नहीं थे, बल्कि उन्होंने अपनी कल्पनाओं के माध्यम से पूरे धर्मसंघ ही नहीं, जन-जन के कल्याण का बीड़ा उठाया और उसमें पूर्णतः सफल रहे। आठ आचार्यों के शासन काल में हुए संघ के विकास को सुरक्षित रखते हुए आचार्य तुलसी ने नये आयामों से तेरापंथ धर्मसंघ को समृद्ध बनाया। उन्होंने कहा कि तेरापंथ समाज में साध्वियों और महिलाओं की जो बहुआयामी उन्नति हुई है, वह आचार्य तुलसी के दूरदर्शी प्रयासों का प्रतिफल है। आज साध्वियों में वक्तृत्व, लेखन और नेतृत्व कला का विकास देखकर बड़े-बड़े विद्वान भी आश्चर्यचकित रह जाते हैं। उपासिकाओं,



प्रशिक्षिकाओं तथा विभिन्न मंडलों- किशोर मंडल, कन्या मंडल, युवक परिषद्, महिलामंडल और अणुव्रत समितियों द्वारा बालकों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों के व्यक्तित्व निर्माण में दिया जा रहा योगदान सचमुच अनुकरणीय है। गुरुदेव का लक्ष्य था कि व्यक्ति पहले चरित्रवान बने, फिर विद्वान, धनवान और बलवान। इसी कारण उनके विचारों से न केवल तेरापंथी और जैन समाज, बल्कि राजनेता, बुद्धिजीवी, व्यापारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शिक्षक वर्ग तथा अनेक धर्माचार्य और मठाधीश भी प्रभावित हुए। दीक्षा शताब्दी के अंतर्गत एकासन, उपवास, सामायिक, मौन, क्षमा आदि विविध तप साधनाओं के साथ गीत, जाप और सामूहिक सहभागिता के कार्यक्रम हुए, जिनमें बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने श्रद्धा-पूर्वक भाग लिया और अपनी तपस्याओं का प्रत्याख्यान किया।

## आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना को लेकर दी गई योजना की जानकारी




### योजना में जिले की 5 ग्राम पंचायत को चुना जाएगा जो 18 सूचकांकों को पूरा करेगी उन्हें मिलेंगे 11 लाख रुपए

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्य मंत्री द्वारा स्वास्थ्य को लेकर चलाई जा रही आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना को लेकर वीसी का आयोजन पंचायत समिति वीसी कक्ष में आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित कर योजना की जानकारी दी गई। बीडीओ लक्ष्मीनारायण मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना में 18 सूचकांक को पूरा करने वाली ग्राम पंचायत 11 लाख रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर की देखरेख में जिला स्तरीय समिति भी बनाई जाएगी। योजना में शिक्षा विभाग,स्वास्थ्य विभाग पीडब्ल्यूडी विभाग,महिला व बाल विकास विभाग,आयुर्वेद विभाग मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार की ये योजना स्वास्थ्य के लिए राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्य मंत्री द्वारा चलाई जा रही हैं। योजना में जिले की 5 ग्राम पंचायत को चुना जाएगा जो 18 सूचकांकों को पूरा करेगी। उस ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपए दिए जाएंगे। पूजा लाखलान प्रोग्रामर सुभाष चंद्र कल्याण ने बताया कि इस योजना में महिलाओं व किशोरियों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग,पोषण, स्वास्थ्य जीवनशैली,सही रहन सहन सही आहार के माध्यम से बीमारियों से बचाव, तम्बाकू मुक्त बनाना, ग्राम में औषधियों पौधों की नर्सरियां,,बगीचों का रोपण करना होगा। इस अवसर पर सरिता,गुंजन,राजेश चौधरी, अभिमन्यु रूंथला, महिपाल मीणा, कपिल झाझडिया, सत्यप्रकाश सहित संबंधित विभाग के अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहे।